दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 11 अंक :65 | डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 | जयपुर, बुधवार 25 मार्च, 2026 | RNI.No.RAJHIN/2016/70162 | मूल्य : 1.50 रुपए | पृष्ठ : 8+st

## धर्म के बिना कुछ भी नहीं, धर्म के बिना कुछ भी नहीं चल सकता : सीएम भजनलाल शर्मा

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को बालोतरा में श्रीमत कानन में श्री ललिता 1008 हवन कुंड यज्ञ में आहुति दी और और साधु संतों को श्रीफल, दुपट्टा इत्यादि देकर सम्मानित किया और आशीर्वाद भी लिया, सरस्वती माता मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी हुए शामिल कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और राज्य मंत्री के.के.बिश्नोई के अलावा पार्टी के कई विधायक पूर्व विधायक और स्थानीय भाजपा संगठन से जुड़े नेता भी रहे मौजूद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में इलाके के प्रमुख संत और प्रतिष्ठित मंदिरों के पुजारी भी शामिल हुए*

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को बालोतरा में श्री मठ के कनाना में आयोजित श्री ललित महायज्ञ में आहुति दी विधिवत रूप से पूजा अर्चना भी की और कार्यक्रम में मौजूद सभी प्रमुख संत और प्रतिष्ठित मंदिर के पुजारी को श्रीफल दुपट्टा इत्यादि देकर सम्मानित किया तथा मुख्यमंत्री शर्मा ने साधु संत से आशीर्वाद भी लिया इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा सरस्वती माता मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी शामिल हुए और मंदिर के नक्शे और निर्माण के बारे में भी जानकारी हासिल की इस मौके पर कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और राज्य मंत्री के.के.बिश्नोई के अलावा इलाके के पार्टी के कई मौजूदा विधायक और पूर्व विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े इलाके के सभी छोटे-बड़े नेता मौजूद रहे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न प्रतिष्ठित मंदिरों के पुजारी और प्रमुख संत मौजूद रहे इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बालोतरा और आसपास का यह पूरा इलाका आध्यात्मिक और गहरी आस्था का केंद्र है इलाके में स्थित विभिन्न बड़े प्राचीन मंदिरों से यहां की भूमि की महिमा अपार है यहां देवी देवताओं ऋषि मुनियों का आशीर्वाद हमेशा बरसता रहता है इसलिए यहां की धरती आध्यात्मिक और आस्था की प्रतीक है इसलिए इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर वह अपने आप को काफी भाग्यशाली समझ रहे हैं उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में साधु संत पुजारी और ऋषि मुनियों के दर्शन पाकर वे खुद को धन्य समझ रहे हैं उन्होंने कहा कि यह पूरी पृथ्वी और ब्रह्मांड धर्म से ही जीवंत है बिना धर्म के कुछ भी संभव नहीं है उन्होंने कहा कि बहुत से लोग कहते हैं राजनीति में धर्म नहीं होना चाहिए लेकिन में यह कहता हूं कि धर्म के बिना कुछ भी नहीं चल सकता धर्म है तो सब कुछ है और धर्म नहीं है तो कुछ भी नहीं है उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से ही हमारे ऋषि मुनि साधु संत वेद पुराण, सनातन धर्म इत्यादि का वर्णन और प्रचार प्रचार करके हमारे धर्म और संस्कृति को जीवित रखा उसी का परिणाम है कि आज हम अपने धर्म की बदौलत पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान रखते हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 1 साल से इस महायज्ञ का आयोजन होना यह दर्शाता है कि यहां की धरती और यहां के संत ऋषि महात्मा धर्म, जन कल्याण और मानवता के लिए कितनी श्रद्धा और समर्पित भाव से महायज्ञ का आयोजन किया और इस आयोजन में उन्हें भी आहुति देने का जो सौभाग्य मिला है यह उनके लिए सौभाग्य की बात है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार मंदिरों के विकास और कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में प्रदेश के कई बड़े प्रमुख मंदिरों के विकास कार्य के लिए बड़ी राशि आवंटित की है मंदिरों की देखरेख और संरक्षण के लिए हमारी सरकार ने कई बड़े निर्णय और फैसले लिए इसके अलावा गौशालाओं के विकास और संरक्षण के लिए भी हमारी सरकार ने कई बड़े फैसले लिए हैं कई बड़े काम किए हैं उन्होंने कहा कि पिछले सवा दो साल में प्रदेश में कई बड़े और प्रमुख मंदिरों को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किए जाने के सरकारी स्तर पर प्रयास चल रहे हैं ताकि मौके पर तमाम तरह की सुविधा सुनिश्चित की जा रही है ताकि दर्शन करने आने वाले लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़े उन्होंने कहा कि हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं लेकिन अगर कोई सनातन धर्म को चोट पहुंचा तो यह बिल्कुल भी मंजूर नहीं है जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सुनने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में लोग आए थे जिसमें महिलाएं भी बड़ी संख्या में मौजूद थी मुख्यमंत्री शर्मा ने अपने भाषण में उपस्थित लोगों से यह भी आग्रह किया कि वह मन में दया भाव और मानवता का भाव रखें जरूरतमंद लोगों की सेवा करें गौ माता और गौशालाओं के विकास में सहयोग करें ऐसा पुनीत काम करने से ईश्वर का आशीर्वाद अपने आप ही मिल जाता है उन्होंने कहा कि यहां पिछले 1 साल से जो यह महायज्ञ चल रहा है उसके पीछे यहां भगवान और देवी देवताओं संत महात्माओं का ही आशीर्वाद है जिसकी वजह से इतना बड़ा महायज्ञ का सफल आयोजन हो सका इसलिए यहां की जमीन में ईश्वर का और देवी देवताओं का वास है उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हुई है जिन लोगों को इन योजनाओं की जानकारी नहीं है उन्हें सरकार तो अपने स्तर पर इन योजनाओं की जानकारी दे ही रही है इसके अलावा जिन लोगों को इन योजनाओं की जानकारी है वह अपने आसपास के लोगों को इन योजनाओं की जानकारी जरूर दें ताकि जरूरतमंद लोग सरकारी योजनाओं का फायदा उठा सके यह भी एक तरीके से पुण्य कमाने जैसा है ।

## विदेश से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच शेयर बाजारों में लौटी तेजी : सेंसेक्स 1372 अंक चढ़कर 7468.45 पर बंद

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** वैश्विक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार ने शानदार वापसी की है सेंसेक्स 1372 अंक चढ़कर 74000 के पर बंद हुआ है जबकि निफ्टी 22900 के स्तर पर पहुंच गया, मिडकॉप और स्मॉलकैप शेयर में निवेशकों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया, एल एंड टी, इंडिगो और एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गजों की अगवाई में बाजार में चौतरफली वाली दर्ज की गई जानकारी के अनुसार विदेशों से मिले सकारात्मक संकेत के बीच घरेलू शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी रही बीएसई सेंसेक्स 21 महीने के निचले स्तर से उभरता हुआ 1372.06 अंक चढ़कर 7468.45 अंक पर बंद हुआ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 सूचकांक भी 399.75 अंक यानी 1.78 प्रतिशत की बढ़त में 22912.40 अंक पहुंच गया, मंगलवार को बाजार में चारों तरफ लीवाली रही, मध्यम और छोटी कंपनियों में निवेशको ने ज्यादा विश्वास जताया निफ्टी मिड कैप 50 सूचकांक 2.74 प्रतिशत और स्मॉलकैप 100 सूचकांक 2.63 प्रतिशत चढ़ गया, ऑटो, फाइनेंस, मीडिया, बैंकिंग, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद ,रसायन, धातु, रियल्टी, स्वास्थ्य, आईटी और एफएमसीजी सहित सभी सेक्टर में अच्छी मजबूती रही सेंसेक्स की कंपनियों में एल टी और इंडिगो के शेयर 5 प्रतिशत से अधिक उछाल पर रहे ईटरनल, बजाज फाइनेंस एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में 4 से 5 प्रतिशत की तेजी रही तथा टेकमहिंद्रा, अदानी पोर्ट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर में तीन से चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जानकारी के अनुसार मंगलवार को एचडीएफसी बैंक महिंद्रा ऐंड महिंद्रा आइसीआइसीआइ बैंक और बीईएल से शेयर दो से तीन प्रतिशत ऊपर रहे टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान युनिलीवर, टाइटन, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर 1 से 2 प्रतिशत तक मजबूत हुए तथा एनटीपीसी, टीसीएस, भारती एयरटेल, ट्रेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी हरे निशान में रहे पावर ग्रिड का शेयर लाल निशान में बंद हुआ ।

## हाई अलर्ट पर भारतः बढ़ते वैश्विक तनाव के बीच रक्षा तैयारियों की समीक्षा, राजनाथ सिंह की अगुवाई में हुई बैठक

नई दिल्ली



**(एंजेसी)** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और बदलते वैश्विक सुरक्षा हालात के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को उच्चस्तरीय बैठक कर देश की रक्षा तैयारियों की समीक्षा की। वहीं पिछले दिनों 22 मार्च को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस बैठक हुई थी, जिसमें ऊर्जा और उर्वरक सप्लाई की समीक्षा की गई थी। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और डीआरडीओ के चेयरमैन समीर कामत समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मौजूदा सुरक्षा स्थिति और ऑपरेशनल तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब चौथे सप्ताह में पहुंच चुका है। इससे होर्मुज स्ट्रेट के जरिए होने वाले व्यापार पर असर पड़ा है। 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल के संयुक्त हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद तनाव और बढ़ गया। इसके जवाब में ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी और इजरायली ठिकानों को निशाना बनाया, जिससे अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर दबाव बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति को चिंताजनक बताया और इसके भारत पर संभावित प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष न केवल आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा, बल्कि मानवीय स्तर पर भी बड़ी चुनौती बन गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी रेखांकित किया कि भारत की कच्चे तेल और गैस की बड़ी जरूरतें इसी क्षेत्र से पूरी होती हैं, वहीं यह इलाका वैश्विक व्यापार के लिहाज से भी बेहद अहम है।

## राजस्थान रॉयल्स ने फ्रेंचाइजी की कीमत में इतिहास रचा, अमेरिकी बिजनेसमैन ने 1.63 अरब डॉलर में खरीदा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स की टीम बिक चुकी है इसका पूरा सौदा हो गया है टाइम्स आफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार पहली बार ही आईपीएल की ट्रॉफी हासिल करने वाली राजस्थान रॉयल्स की टीम को अमेरिका स्थित बिजनेसमैन सोमानी के नेतृत्व वाले ग्रुप ने 1.63 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की कीमत में अपने नाम किया है इस पौधे में सोमानी को वॉलमार्ट परिवार के अमेरिकी व्यवसाय वॉल्टन और हेंप परिवार का समर्थन मिला है राजस्थान रॉयल्स के नए मालिक सोमानी पहले से ही इस टीम में अल्पसंख्यक हिस्सेदारी रखते थे लेकिन उन्होंने अब इसे पूरी तरह से अपने मालिकना हक में कर लिया है सोमानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी के एक बहुत बड़े उद्योगपति हैं रिपोर्ट के मुताबिक सौदा पूरी तरह से साइन हो चुका है लेकिन कागजी औपचारिकताएं आईपीएल 2026 के अंत तक पूरी कर ली जाएगी टीम को बेचने की बात आज से नहीं बल्कि 6 महीने पहले से ही चल रही थी इससे पहले राजस्थान रॉयल्स की टीम का मालिकना हक इमर्जिंग मीडिया वेंचर्स थे जिसका नेतृत्व भारतीय ब्रिटिश व्यवसाय मनोज बदाले कर रहे थेआईपीएल की शुरुआत 2008 में हुई थी उस समय राजस्थान रॉयल एस की फ्रेंचाइजी की कीमत 260 से 270 करोड रुपए के बीच थी अब जिस तरह से अमेरिकी बिजनेसमैन ने बड़ी बोली लगाकर इसको खरीदा है उसकी वजह से इसकी कीमत 24 गुना बढ़ गई है 2008 में आईपीएल की शुरुआत हुई थी और पहले ही सीजन में राजस्थान रॉयल्स ने ट्रॉफी जीती थी ।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला : हिंदू ,सिख और बौद्ध के अलावा अन्य धर्म अपनाने वालों को नहीं मिलेगा अनुसूचित जाति का दर्जा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(का.सं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने एससी एसटी एक्ट को लेकर मंगलवार को एक बहुत बड़ा फैसला सुनाया अदालत ने फैसले में कहा कि जो व्यक्ति हिंदू धर्म, सिख धर्म या बौद्ध धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाता है तो उसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि किसी अन्य धर्म अपनाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत और पूरी तरह से खत्म हो जाता है न्यायाधीश पीके मिश्रा और न्यायाधीश अंजरिया की पीटने फैसला सुनाया कि किसी अन्य धर्म में धर्मांतरण करने से अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 में यह बात साफ कर दी गई थी और इस आदेश के तहत लगाई गई रोक पूरी तरह से लागू होती है कोर्ट ने साफ किया कि 1950 के आदेश के क्लाज तीन में बताएंगे धर्म के अलावा किसी और धर्म को अपने पर जन्म की स्थिति चाहे जो भी हो अनुसूचित जाति का दर्जा तुरंत खत्म हो जाता है न्यायालय ने फैसला सुनाया खंड 3 के तहत कोई भी व्यक्ति जिसे अनुसूचित जाति का सदस्य नहीं माना जाता है वह संविधान या सांसद या राज्य विधान मंडल द्वारा बनाए गए किसी भी कानून के तहत किसी भी वैधानिक लाभ सुरक्षा आरक्षण या अधिकार का दवा नहीं कर सकता और ना ही उसे यह लाभ दिए जा सकते हैं यह पूरी तरह से लागू होती है और इसमें कोई अपवाद नहीं है कोई भी व्यक्ति एक ही समय पर खंड 3 में बताई गई जाति के अलावा किसी अन्य धर्म को मानने और उसका पालन करने के साथ-साथ अनुसूचित जाति की सदस्यता का दवा नहीं कर सकता सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के पहले के उसे फैसले को सही ठहराया जिसमें कहा गया था कि जो लोग ईसाई धर्म अपना लेते हैं और सक्रिय रूप से उसका पालन करते हैं वह अपना अनुसूचित जाति का दर्जा बरकरार नहीं रख सकते ।

## युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका दिया, इसका असर लंबे समय तक रहेगा- मोदी

नई दिल्ली



**(एंजेसी)** प्रधानमंत्री मोदी आज पश्चिम एशिया संकट को लेकर राज्यसभा में जानकारी दे रहे हैं। इससे पहले सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में अपनी बात रखी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में कहा, पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध और उससे बनी परिस्थितियों से हम सभी परिचित हैं। मैं आज संसद के उच्च सदन और देशवासियों के सामने इन विकट परिस्थितियों पर सरकार का पक्ष रखने के लिए पेश हुआ हूं। इस युद्ध ने पूरे विश्व में ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत के लिए भी ये स्थिति चिंताजनक है। इस युद्ध से हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों जैसे जरूरी सामानों की नियमित आपूर्ति प्रभावित हो रही है। खाड़ी देशों में करीब एक करोड़ भारतीय रह रहे हैं। यह भारत के लिए बड़ी चिंता है। होर्मुज में भारत के कई जहाज फंसे हैं, उनमें बड़ी संख्या में चालक दल के भारतीय सदस्य हैं। ऐसी विकट परिस्थिति में आवश्यक है कि भारत की उच्च सदन से शांति और संवाद की एकजुट आवाज पूरे विश्व में जाए। युद्ध की शुरुआत से बाद से मैंने पश्चिम एशिया के ज्यादातर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ दो दौर की बातचीत की है। हम ईरान, इस्राइल और अमेरिका के साथ संपर्क में हैं। हमारा लक्ष्य संवाद कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति की बहाली का है। हमने होर्मुज को खोलने के लिए बात की है। वहां पर हमला अस्वीकार्य है। भारत ने नागरिकों, असैन्य ढांचों और ऊर्जा से जुड़ी बुनियादी संरचना पर हमलों का विरोध कर रहा है।



## आम आदमी पार्टी की बैठक में संगठन विस्तार व निकाय चुनाव की रणनीति पर मंथन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आम आदमी पार्टी राजस्थान की टीम अलवर द्वारा मंगलवार को राज सभागार, अलवर में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के सहप्रभारी एवं दिल्ली की रिठाला विधानसभा के पूर्व विधायक महेंद्र गोयल मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगन्नाथ गोयल ने की, जबकि जिला महासचिव दिव्येंदु शर्मा ने बैठक का संचालन किया। बैठक में बड़ी संख्या में किसान, सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सहप्रभारी महेंद्र गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी आगामी नगर निकाय चुनाव पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी और प्रदेश की विभिन्न विधानसभाओं में संगठन को मजबूत करने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जमीनी स्तर पर सक्रिय रहकर आमजन की समस्याओं को उठाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। बैठक में संगठन विस्तार, आगामी चुनावों की तैयारियों तथा विभिन्न जन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर विजय बिंदल, अनिल मित्तल, नितेश कुमार, जितेंद्र यादव, मदन मोहन बांका, महावीर प्रसाद, रोहतास जाटव, जगराम मीणा, रोजगार खान, मनोज चंदरुल, रणजीत स्वामी, विनोद कुमार, निखिल मीणा, लोकेश, कमलेश कुमार, शब्बीर खान, अनवर खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अफवाहों पर ध्यान न दें, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य- हरिश्चंद्र कलाल




जयपुर टाइम्स

**बांसवाड़ा(निसं.)।** जिला पेट्रोल पंप एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र कलाल ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी तेल कंपनियों द्वारा जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है तथा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। कलाल ने बताया कि सोशल मीडिया और विभिन्न माध्यमों पर फैल रही अफवाहों के कारण लोगों में यह भ्रम फैल गया है कि पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बंद होने वाली है, जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। तेल कंपनियां लगातार सभी पेट्रोल पंपों को आवश्यकतानुसार ईंधन उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे अफवाहों से प्रभावित होकर अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल का स्टॉक न करें और केवल अपनी आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन लें, ताकि सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से सुविधा मिलती रहे।

## राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 30 मार्च तक जिले में होंगी विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभक्ति, स्वदेशी एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करने हेतु जिले में विशेष चरण के तहत 30 मार्च तक जिले के स्वतंत्रता सेनानियों के साथ वीर शहीद भगतसिंह, राजगुरू और सुखदेव तथा वंदे मातरम के इतिहास के जुडे हुए वीर शहीदों एवं योद्धाओं को केंद्रीत गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। आयोजन के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर के सम्पूर्ण पर्यवेक्षण में पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक टीना यादव को नोडल अधिकारी एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को सह नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नगर निगम की अपील: आमजन शहर की सवच्छता एवं सुव्यवस्था में करें सहयोग

### खाली भूखण्डों में कचरा, झालिया, मलबा रखने एवं अवैध रूप से बैनर, पोस्टर इत्यादि लगाये जाकर शहर की सौंदर्यता को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध की जाएगी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम क्षेत्र में भूखण्ड मालिक खाली पडे भूखण्डों में कचरा इकट्ठा नहीं रहने देवे। अन्यथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कियह देखा गया है कि अनेक भूखण्ड मालिकों द्वारा अपने-अपने भूखण्डों पर न तो निर्माण कार्य किया गया है। परिणामस्वरूप ऐसे खाली पड़े भूखण्डों में कचरा, मलबा एवं गंदगी एकत्रित हो रही है, जिससे आसपास के क्षेत्र में अस्वच्छता फैल रही है तथा आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः समस्त भूखण्ड मालिकों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने-अपने खाली भूखण्डों की यथाशीघ्र निर्माण करवाना सुनिश्चित करें, ताकि उनमें कचरा डालने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके और शहर की स्वच्छता बनी रहे। यदि किसी भूखण्ड मालिक द्वारा निर्माण नहीं करवाया जाता है तथा भूखण्ड में कचरे/झाडियों की सफाई नहीं करवाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध राजस्थान नगर पालिका अधिनियम, 2009 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2016 संबंधित प्रावधानों के अन्तर्गत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। साथ ही शहर में अवैध रूप से बैनर, पोस्टर, इत्यादि लगाये जाकर सम्पत्ति विरूपण किया जा रहा है, जो शहर की सौंदर्यता को प्रभावित कर रही है, ऐसे व्यक्तियों/संस्थाओं के विरूद्ध सम्पत्ति विरूपण से संबंधित प्रावधानों के अन्तर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शहर के समस्त नागरिकों से अपीलकी है कि वे शहर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

### जिला कलक्टर ने ली जिला पर्यावरण समिति की समीक्षा बैठक

## हरियालो राजस्थान अभियान के तहत 43 लाख से अधिक पौधारोपण के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए यथासमय तैयारियां पूर्ण कराने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति की बैठक लेकर हरियालो राजस्थान अभियान-2026 के तहत लक्ष्यानुसार 43 लाख से अधिक पौधारोपण की तैयारियों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिला कलक्टर ने पर्यावरण समिति की बैठक में हरियालो राजस्थान अभियान-2026 के तहत किए जाने वाले पौधारोपण के लक्ष्यों पर विभागवार विस्तृत चर्चा कर जिले में निर्धारित लक्ष्यानुसार 43 लाख से अधिक पौधारोपण के लिए आवश्यक संपूर्ण तैयारियां यथा समय पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग को 22 लाख 8 हजार, शिक्षा विभाग को 6.46 लाख, वन विभाग को 2 लाख 95 हजार 250, प्रदूषण नियंत्रण मंडल को 2.50 लाख, स्वायत्त शासन विभाग को 1.60 लाख, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग को 1.38 लाख, सेना को 1 लाख, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग को 66 हजार, कृषि व उद्यानिकी विभाग को 59 हजार, गृह विभाग को 51 हजार 300, परिवहन विभाग 19 हजार, पीडब्ल्यूडी 29 हजार, खान एवं भूविज्ञान विभाग को 25 हजार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को 7 हजार, सहकारिता विभाग को 12 हजार तथा पशुपालन विभाग को 10 हजार सहित अन्य विभागों को लक्ष्य आवंटित किए गए है। उन्होंने निर्देश दिए कि वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं के आसपास सघन पौधारोपण कराया जावें। उन्होंने उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारियों को औद्योगिक संस्थानों के सहयोग से व्यापक स्तर पर पौधारोपण की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूआईटी के अधिकारियों को राम वाटिका स्थापना के लिए जगह के चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपवन संरक्षक अलवर को निर्देशित किया कि जिलें में ऐसे स्थानों का चिन्हिकरण भी करें, जहां पेचेज में सघन पौधारोपण किया जा सके। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान-2026 के तहत किए जाने वाले पौधारोपण के संबंध में संपूर्ण तैयारियों को अंतर विभागीय समन्वय से समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश डागुर, डीएफओ अलवर राजेंद्र हुड्डा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रविंद्र, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरुका, पुलिस उपाधीक्षक अलवर अंगद शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी. मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य विभाग की निदेशक ने पीएमएसवाई योजनान्तर्गत निर्माणाधीन केज कल्चर एवं मत्स्य प्रजनन केन्द्र का सिलीसेढ में किया निरीक्षण

### प्रधानमंत्री से मत्स्य संपदा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार के दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** मत्स्य विभाग की निदेशक संचिता बिश्नोई ने सोमवार को अलवर जिले के दौरे पर रहकर सिलीसेढ क्षेत्र में निर्माणाधीन केज कल्चर एवं मत्स्य प्रजनन केंद्र का निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निदेशक ने प्रधानमंत्री मत्स्य संम्पदा योजना की लाभार्थी कृषक बलजिन्द्र कौर से कहा कि सिलीसेढ झील में निर्माणाधीन केज कल्चर कार्य को समयबद्धता से पूर्ण करावे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को पीएमएसवाई योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे निजी जमीन पर मत्स्य पालन हेतु पौण्ड का निर्माण, मत्स्य बीज हैचरी का निर्माण, फीडमिल का निर्माण, आईस फैक्ट्री का निर्माण इत्यादि का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार कर मत्स्य कृषकों को लाभान्वित कराने के निर्देश दिये, जिससे की जिले के पात्र मत्स्य कृषकों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने मत्स्य प्रजनन केन्द्र सिलीसेढ का अवलोकन कर अच्छी गुणवत्ता के मत्स्य बीज उत्पादन करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के किसानों को राजकीय दर पर उच्च गुणवत्ता के मत्स्य बीज उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक मत्स्य (बीज) डां. बृजेश कुमार, मत्स्य विकास अधिकारी अलवर डां. महेश चन्द सोनवाल एवं सहायक मत्स्य विकास अधिकारी शंकर लाल सैनी मौजूद रहे।

### जिला कलक्टर किया रामगढ क्षेत्र का दौरा

## आमजन से संवाद कर जल संरक्षण कार्यों का फीडबैक लिया तथा जल संरक्षण स्ट्रक्चर बनाने के लिए किया प्रेरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने रामगढ पंचायत समिति क्षेत्र का दौरा कर जल संरक्षण, पीएम आवास सहित पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने रामगढ के ग्राम नंगली मेघा, सहजपुर व मूनपुर आदि क्षेत्रों का दौरा किया। जिसमें उन्होंने रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, पंचायत पौधशाला, रिचार्ज शाफ्ट, मैजिक पिट, पौधारोपण कार्य एवं पीएम आवास कार्यों का निरीक्षण कर विकास अधिकारी और नरेगा के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि क्षेत्र में वाटर हार्वेस्टिंग के स्वीकृत एवं प्रगतिरत सभी कार्यों को गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूर्ण करें तथा नए कार्यों के प्रस्ताव तैयार करें। इसी प्रकार उन्होंने निर्देश दिये कि प्रति ग्राम पंचायत 100-100 व्यक्तिगत रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने के दिए गए लक्ष्य को वर्षाऋतु से पूर्व अर्जित करना सुनिश्चित करें। इसके लिए आमजन को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिये कि पंचायत पौधशालाओं में और पौधे तैयार करें, ताकि वर्षा ऋतु में पौधे लगाने के लिए स्थानीय स्तर पर भी पौधे उपलब्ध हो सके। उन्होंने नंगली मेघा गांव में बनाए गए वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर में शॉप पिट बनाए जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीणों से गांव में बनाए जा रहे वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर सहित विकास कार्यों तथा सरकारी योजनाओं के संबंध में बातचीत कर फीडबैक लिया तथा उन्होंने ग्रामीणों को अपने घरों पर वर्षा जल संरक्षण हेतु वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान मनरेगा के अधिशासी अभियन्ता नरेन्द्र लाखीवाल, विकास अधिकारी रामगढ विजय कुमार भाल तथा ग्राम विकास अधिकारी अभिराम मौजूद रहे।

## ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी मिल सकेगा 25 दिवस में गैस सिलेण्डर

### उपभोक्ता गैस आपूर्ति संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम पर करे सम्पर्क

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** घरेलू गैस सिलेण्डर्स की पर्याप्त उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए अब ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी 25 दिवस में गैस सिलेण्डर मिल सकेगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डर्स की पर्याप्त उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए अब ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी 25 दिवस में गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। केवल उज्ज्वला कनेक्शन धारकों को ही 45 दिन बाद सिलेण्डर मिलेगा। उन्होंने बताया कि 5 किग्रा क्षमता वाले सिलेण्डर्स की बुकिंग 9 दिन में एवं 5 किग्रा क्षमता के उज्ज्वला योजना के सिलेण्डर्स की बुकिंग 16 दिन बाद हो सकेगी तथा 10 किग्रा क्षमता वाले कम्पोसिट सिलेण्डर की बुकिंग 18 दिन बाद की जा सकेगी। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के अवैध भण्डारण, परिवहन व व्यापार की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा संबंधित उपखण्ड अधिकारियों की अध्यक्षता में गठित विशेष प्रवर्तन जांच दलों द्वारा प्रभावी पर्यवेक्षण की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 10 कार्रवाई करते हुए 172 गैस सिलेण्डर्स जब्त किए गए हैं। उन्होंने गैस की डिलीवरी के लिए शत-प्रतिशत ओटीपी को अनिवार्य करने हेतु जिला नोडल अधिकारी को निर्देशित किया है कि घरेलू गैस की आपूर्ति वास्तविक उपभोक्ताओं तक सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि गैस आपूर्ति संबंधी शिकायतों के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसके नंबर 0144-2338000 है एवं पुलिस के कंट्रोल रूम नंबर 112 व 0144-2338200 पर आमजन द्वारा सूचना/शिकायत की जा सकती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेण्डर्स की पर्याप्त उपलब्धता है। अतः आमजन से अनुरोध है कि बिना आवश्यकता के सिलेण्डर बुक नहीं करावे, ताकि सभी उपभोक्ताओं को यथासमय गैस उपलब्ध हो सके।

## वन राज्यमंत्री ने टीबी जागरूकता व जाँच वैन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

### आधुनिक जांच मशीन से दुरस्त गांवों में होगी टीबी की जांच




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने राजकीय क्षय (टीबी) अस्पताल परिसर से मंगलवार को 'टीबी मुक्त दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम आयोजित में टीबी जागरूकता व जाँच वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने रोगियों को पोषण हेतु राशन किट वितरित की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा टीबी मुक्त अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत देश को टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में टीबी जैसी गंभीर बीमारी पर काबू पाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान के लक्ष्य को आमजन की सक्रिय सहभागिता से अर्जित किया जा सकता है। प्रत्येक नागरिक अपने परिवार, मौहल्ले, गांव को टीबी मुक्त करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार न केवल टीबी रोग का नि:शुल्क उपचार कर रही है, बल्कि रोगियों को पोषण हेतु राशन किट व आर्थिक सहायकता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी।

सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि टीबी जागरूकता व जाँच वैन जिले के दुरस्त स्थानों तक जाकर टीबी के प्रति आमजन को जागरूक करने के साथ अभियान को गति देगी। तथा आधुनिक मशीनों से ग्रामीण क्षेत्रों में मौके पर ही लोगों की टीबी जांच की जा सकेगी। इससे मरीजों की समय पर पहचान और इलाज सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान सरकार की प्राथमिकता में शामिल है और इसका उद्देश्य टीबी जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जागरूक रहें और समय पर जांच करवाएं, ताकि इस बीमारी को फैलने से रोका जा सके।

इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन मौजूद रहे।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर ने शिवम गैस एजेंसी का किया निरीक्षण




जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिले में घरेलू गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की कालाबाजारी की रोकथाम के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने खैरथल स्थित शिवम गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गैस सिलेंडरों के स्टॉक रजिस्टर, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की विस्तार से जांच की। इस दौरान एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए कि सभी उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने बताया कि गैस एजेंसी पर किसी भी प्रकार की कोई पेंडिंग सप्लाई नहीं है सभी को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराई जा रहे हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा और प्रशासन लगातार निगरानी रख रहा है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने एजेंसी संचालकों को पारदर्शिता बनाए रखते हुए उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी ने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पूरी तरह सुचारू रूप से जारी है और किसी भी प्रकार की कोई कमी या सप्लाई संबंधी समस्या नहीं है। सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान प्रवर्तन अधिकारी पूनम चौधरी एवं गैस एजेंसी के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## पीएम विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय सेमिनार एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** एमएसएमई विकास कार्यालय, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार, जयपुर द्वारा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, खैरथल-तिजारा के संयुक्त तत्वाधान में तथा OBVIOUS SOLUTION के सहयोग से महावर धर्मशाला, गोपाल दास कॉलोनी, खैरथल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों हेतु एक दिवसीय सेमिनार सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे प्रारंभ हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक कारीगरों, उद्यमियों एवं लाभार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार की विभिन्न उद्यमिता विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आर्टिजनों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जैसे मीशो आदि पर पंजीकरण, उत्पादों की ऑनलाइन मार्केटिंग, ब्रांडिंग एवं वित्तीय साक्षरता विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वक्ताओं ने बताया कि आधुनिक डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर कारीगर अपने उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती खैरथल अध्यक्ष देवेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में वरुण डाटा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में महाप्रबंधक, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, खैरथल-तिजारा अभिनेन्द्र सैनी, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय संजय चौधरी तथा अध्यक्ष, बारबर एसोसिएशन, खैरथल अनिल कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का संयोजन गिरीश कुमार, सहायक निदेशक, एमएसएमई विकास कार्यालय, जयपुर द्वारा किया गया।।



# पश्चिम एशिया संकट पर टीकाराम जूली ने मोदी सरकार की ढुलमुल नीति पर उठाए सवाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में पश्चिम एशिया के युद्ध हालातों पर दिए गए संबोधन को देर से आए पर दुरुस्त नहीं आए करार दिया है। जूली ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में ऐसी कोई नई जानकारी साझा नहीं की जो पहले से सार्वजनिक नहीं थी, और न ही उनके संबोधन से देश की जनता को एलपीजी की सुचारू आपूर्ति को लेकर कोई ठोस आश्वासन मिला है और सिर्फ देशवासियों की चिंता को ही बढ़ाया है। ।

सरकार की नीतियों पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाते हुए जूली ने कहा है कि मोदी सरकार की ढुलमुल नीतियों का दुष्परिणाम आज देश भुगत रहा है, जिस सरकार के लिए देशवासी प्राथमिकता होने चाहिए थे वो अपनी नीतियों से आमजन को बड़े ऊर्जा संकट की तरफ धकेल रही है। मोदी सरकार की ढुलमुल नीतियों का दुष्परिणाम आज पूरा देश भुगत रहा है। जिस सरकार की प्राथमिकता में देशवासी होने चाहिए थे, वह अपनी अदूरदर्शी नीतियों से आमजन को एक बड़े ऊर्जा संकट की ओर धकेल रही है। उन्होंने कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि चाहे नोटबंदी की आपदा हो या कोरोना जैसी विभीषिका, देश की जनता को मोदी सरकार की संवेदनशीलता पर भरोसा था, लेकिन हर बार उनके हाथ केवल निराशा ही लगी है जूली ने याद दिलाया कि राहुल गांधी ने जीएसटी से लेकर कोरोना संकट तक हर बार सरकार को समय रहते आगाह किया था, लेकिन अहंकार में डूबी मोदी सरकार ने उनकी चेतावनियों को नजरअंदाज किया जबकि वक्त ने हर बार राहुल गांधी की बातों को सही साबित किया। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि एलपीजी संकट से प्रभावित होने वाले फैक्ट्री मजदूरों, किसानों और गरीबों को राहत देने के लिए उनके पास क्या योजना है? नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल की विफलताओं को गिनाते हुए कहा कि मोदी जी का शासन नोटबंदी जैसी आपदा के लिए याद किया जाएगा, जिसने छोटे उद्योगों, असंगठित क्षेत्र और आम आदमी की कमर तोड़ दी। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश कोविड महामारी की भीषण त्रासदी से जूझ रहा था, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेहमाननवाजी में व्यस्त थे। जूली ने भावुक होते हुए कहा कि उस समय अनगिनत श्रमिक सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर थे, उनके पैरों के छाले पूरी दुनिया देख रही थी, लेकिन मोदी का दिल नहीं पसीजा।उन्होंने कहा कि आज भी देशवासियों को कोरोना के समय की कड़वी यादें हैं जब ऑक्सीजन और बेड के लिए लोग तड़पे थे। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा कि पंडित नेहरू और इंदिरा गांधी के समय भारत विश्व पटल पर अपनी शर्तों पर खड़ा था। उन्होंने याद दिलाया कि इंदिरा जी ने अमेरिकी दबाव को दरकिनार कर देश के हितों की रक्षा की थी, जबकि वर्तमान प्रधानमंत्री ने अमेरिका के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या आज भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति खो रहा है? जूली ने पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे भीषण संघर्षों में राजस्थान के युवाओं की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है।उन्होंने याद दिलाया है कि खाड़ी युद्ध में राजस्थान के सपूतों की भी जान गई है, उन्होंने कहा कि अखबारों में प्रदेश के युवाओं की अलग- अलग स्थानों पर ड्रोन हमले में मौत का समाचार हाल ही में आया था। उन्होंने याद दिलाई कि देशभर के अनेक युवा रूस- यूक्रेन युद्ध के चलते युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे हुए हैं और सरकार के प्रयास नाकाफी साबित हुए है। इन लोगों के माता पिता को कौन सम्बल देगा ?

## श्रीगंगानगर-समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेलवे द्वारा ग्रीष्मावकाश पर यात्रियो की सुविधा हेतु श्रीगंगानगर-समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है साथ ही मार्ग के कुछ स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन भी किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी  अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या 04731/04732, श्रीगंगानगर-समस्तीपुर-श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा की संचालन अवधि में श्रीगंगानगर से दिनांक 5.4.26 से 12.4.26 तक (2 ट्रिप) एवं 19.4.26 से 28.6.26 तक (11 ट्रिप) तथा समस्तीपुर से दिनांक 7.4.26 से 14.4.26 तक (2 ट्रिप) एवं दिनांक 21.4.26 से 30.6.26 तक (11 ट्रिप) विस्तार किया जा रहा है। साथ ही मार्ग के सोनपुर,हाजीपुर, मुजफ्फरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशनों पर संचालन समय में आंशिक परिवर्तन भी किया जा रहा है।

## कोटपूतली के बुचारा में पैंथर के मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग की टीम रेस्क्यू करने मौके पर पहुंची

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कोटपूतली के बुचारा में खुशबू क्रेशर के पास पैंथर के दिखाई देने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में दहशत छा गई लोगों ने तुरंत पुलिस और जिला प्रशासन को सूचित किया इसके बाद वन विभाग की टीम पैंथर का रिस्क करने मौके पर पहुंची भी है और पैंथर की लोकेशन का पता भी लगाया जा रहा है लेकिन खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम पैंथर की लोकेशन का पता नहीं लगा पाई थी इसलिए आसपास के गांव के लोगों में पैंथर को लेकर काफी दहशत का माहौल छाया हुआ है प्रशासन और पुलिस ने भी आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों को अलर्ट मोड पर रहने को कहा है दिन और रात में निरंतर निगरानी रखने की बात भी स्थानीय लोगों से कही गई है इसके अलावा पालतू पशुओं को भी सुरक्षित स्थान पर रखने की सलाह वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को दीहै वन विभाग और पुलिस की टीम लगातार इलाके में दूर-दूर तक अपने स्तर पर पैंथर को ढूंढने का प्रयास कर रही है ताकि पैंथर को पकड़ा जा सके लेकिन खुशबू क्रेशर के पास पैंथर के दिखाई देने के बाद पैंथर कि आगे की लोकेशन का पता नहीं चल पा रहा है हालांकि वीडियो में पैंथर साफ नजर आ रहा है लेकिन पैंथर आगे कहां गया इसके बारे में कोई ठोस जानकारी वन विभाग को नहीं मिल पा रही है इसलिए वन विभाग ने इलाके के गांव वालों को निरंतर अलर्ट रहने को कहा है छोटे बच्चों और पालतू पशुओं का विशेष ध्यान रखना को कहा गया है तथा ग्रामीणों को यह भी कहा गया है कि समूह के रूप में इलाके में विचरण करें ।

## युवक पर पेट्रोल उड़ेल कर आग लगा दी, युवक की हुई मौत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के सवाई माधोपुर जिले में पैसों के लेनदेन में एक युवक को जिंदा जलाने का मामला सामने आया है मरने से पहले युवक ने जलने वाले लोगों के नाम भी पुलिस को बताए हैं और कहा है कि उसके आग लगने वाले लोगों ने उस से से 60 -70 लाख रुपए रुपए मांगे थे लेकिन उसने यह रकम देने से मना कर दिया जिसके बाद आरोपी लोगों ने उसे जला दिया । मृतक युवक का नाम लोकेश मीना बताया गया है जो भारजा गांव का रहने वाला है तथा धनौली गांव में पेट्रोल उड़ेलकर उसे आग के हवाले किया गया जिसकी वजह से वह मौके पर ही गंभीर रूप से झुलस गया था बाद में उसकी मौत हो गई । दिल दहलाने वाले इस हत्याकांड को लेकर पुलिस ने खबर लिखे जाने तक ना तो आरोपी लोगों के नाम उपलब्ध करवाए थे और ना ही पुलिस ने यह बताया कि यह मामला आत्मदाह का है या फिर युवक को जलाया गया है पुलिस फिलहाल इस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है लेकिन बताया जा रहा है कि मरने से पहले युवक ने पुलिस को बयान दिया है जिसमें उसने आग लगने वाले लोगों के भी नाम बताए हैं और यह भी कहा है कि पैसा नहीं देने पर उसे जलाया गया है।

## विधायक गणेश घोघरा ने सैकड़ो लोगों के साथ बिछीवाड़ा थाने के सामने ही पूरी रात धरना स्थल पर गुजारी, आदिवासी युवक से मारपीट का मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के डूंगरपुर जिले में बीछवादी थाने के सामने सोमवार दोपहर से ही कांग्रेस के विधायक गणेश घोघरा सैकड़ो लोगों के साथ अपनी मांग को लेकर धरना दे रहे हैं सोमवार की पूरी रात घोघरा ने थाने के सामने ही लोगों के साथ गुजारी और मौके पर ही डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग भी कर रहे हैं जानकारी के अनुसार एक मामले में बिछीवाड़ा थाने की ओर से एक आदिवासी युवक को पकड़ा गया था गणेश घोघरा का आरोप है कि युवक के साथ के बिना वजह मारपीट की गई गणेश घोघरा ने मौके पर मौजूद पत्रकारों से कहा कि युवक कोई आतंकवादी नहीं था कोई बड़ा अपराधी नहीं था लेकिन इसके बावजूद भी आदिवासी युवक के साथ मारपीट की गई उन्होंने दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है इसी मांग को लेकर सोमवार दोपहर से गणेश घोघरा थाने के सामने ही जाजम बेचकर धरने पर बैठे हुए हैं उनका साफ कहना है कि जब तक दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी तब तक धरना जारी रहेगा गणेश घोघरा ने डूंगरपुर जिला पुलिस पर आरोप लगाया कि पुलिस बीजेपी की एजेंट बनी हुई है और आरएसएस पूरी तरह से हावी है इसलिए निर्देश लोगों के साथ पुलिस अत्याचार कर रही है ।

## बगरू में हिंदूवादी संगठनों का जोरदार प्रदर्शन, समुदाय विशेष के लोगों पर मारपीट का आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बगरू में स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया के सामने बाइक पर सवार एक समुदाय विशेष के दो युवकों ने स्कूटी सवार एक युवक के साथ मारपीट की जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों से जुड़े लोगों में गहरा आक्रोश छा गया हिंदूवादी संगठनों से जुड़े सैकड़ो लोगों ने मौके पर आरोपी लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जिसके बाद पुलिस ने एक आरोपी युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है, जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार समुदाय विशेष के दो युवकों और स्कूटी सवार युवक के टक्कर मार दी इसको लेकर स्कूटी सवार युवक कि उनसे कहा सुनी हो गई बातों ही बातों में दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक बहस होती रही इस दौरान समुदाय विशेष के दोनों युवकों ने स्कूटी सवार युवक के साथ मारपीट की बाद में जैसे ही इस घटना के बारे में लोगों को पता चला उनमें गुस्सा छा गया और देखते ही देखते यह मामला काफी गर्म हो गया जिसके बाद हिंदूवादी संगठन से जुड़े कई युवा मौके पर आ गए और रोड पर उग्र प्रदर्शन करने लगे तथा मारपीट करने वाले लोगों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारी भी मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने प्रदर्शन करने वाले लोगों को समझने का प्रयास किया ।

## प्रदेश में शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में एलपीजी गैस बुकिंग की अवधि 25 दिन निर्धारित

### उज्जवला लाभार्थियों को 45 दिन में ही मिलेगा सिलेंडर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश सरकार ने एलपीजी गैस बुकिंग मामले में अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत दी है प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी गैस की बुकिंग अब 25 दिन बाद की जा सकेगी इससे पहले सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद और शहरी क्षेत्र में 25 दिन बाद गैस बुकिंग के आदेश दिए थे लेकिन अब सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी 25 दिन बाद गैस बुकिंग के आदेश दिए हैं हालांकि उज्ज्वल लाभार्थी योजना का फायदा उठाने वाले परिवारों को 45 दिन बाद ही गैस बुकिंग की सुविधा सुनिश्चित की गई है अब प्रदेश में शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्र में 25 दिन बाद गैस बुकिंग की सुविधा उपलब्ध करवाई जाना सुनिश्चित किया गया है जानकारी के अनुसार प्रदेश में सरकार से जुड़े लोग लगातार कह रहे हैं कि प्रदेश में फिलहाल तेल और गैस का संकट नहीं है लेकिन मिडिल ईस्ट युद्ध के लंबे संपादित होने की आशंका की वजह से केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार राजस्थान सरकार भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए नई व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है ताकि भविष्य में गैस और तेल के वितरण में ज्यादा मुश्किलों का सामना करना नहीं पड़े इसीलिए सरकार ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में गैस बुकिंग के समय अवधि निर्धारित की है हालांकि इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता की कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने की वजह से प्रदेश में रेस्टोरेंट होटल ढाबे इत्यादि का कारोबार पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है कई लोगों ने तो अपने प्रतिष्ठान ही फिलहाल बंद कर दिए हैं दूसरी तरफ प्रदेश में कई जगहों पर रसद विभाग की टीमों ने ऐसे लोगों को भी पड़ा है जो घरेलू गैस सिलेंडर की गैस को कमर्शियल गैस सिलेंडर में भर रहे थे इसमें कई जगहों पर गैस एजेंसी कंपनी के मालिक और उनके कर्मचारियों की मिली भगत भी सामने आई है यह लोग जबरदस्त तरीके से कालाबाजारी को अंजाम दे रहे हैं हालांकि प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में जिला रसद अधिकारियों के नेतृत्व में कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है यह टीम अपने-अपने जिलों में कालाबाजारी और जमाखोरी करने वाले लोगों पर निगरानी भी रख रही है और उन्हें मौके पर जाकर पकड़ भी रही है लेकिन इसके बावजूद भी घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी हो ही रही है ।

## देश में समान नागरिक संहिता लागू करना समय की आवश्यकताः मदन राठौड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सोमवार को सदन में कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लागू करना समय की आवश्यकता है, जिससे सभी नागरिकों को समान अधिकार और न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि यूसीसी केवल एक कानूनी सुधार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण कदम है। राठौड़ ने कहा कि भाजपा हमेशा से सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य करती रही है और यूसीसी उसी दिशा में एक ठोस पहल है। इससे महिलाओं को समान अधिकार मिलेगा, पारिवारिक कानूनों में एकरूपता आएगी और समाज में व्याप्त भेदभाव समाप्त होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष  ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल केवल वोट बैंक की राजनीति के कारण यूसीसी का विरोध कर रहे हैं, जबकि यह देशहित और समाजहित में अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने राज्य सरकारों और समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे इस विषय पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और राष्ट्र निर्माण की इस प्रक्रिया में सहयोग दें। राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार देश के हर नागरिक के लिए समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और यूसीसी उसी संकल्प का प्रतीक है।राठौड़ ने यूसीसी की दिशा में बढ़ाया हुआ कदम महिलाओं को विवाह, तलाक और उत्तराधिकार जैसे मामलों में समान अधिकार प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस विषय की आवश्यकता पर बल दिया है। 1985 में शाहबानो बेगम के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय के लिए आवश्यक है। ऐसे में सदन में समान नागरिक संहिता के विषय में आवश्यक विधायी पहल की जानी चाहिए।

## सरस को राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में स्थापित करने में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की बडी पहल

### दिल्ली के बीकानेर हाउस में खुलेगा अत्याधुनिक सरस पार्लर

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के सहकारी डेयरी क्षेत्र में प्रमुख ब्रांड के रूप में स्थापित हो चुके सरस ब्रांड को राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में पहचान दिलाने की मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर क्रियान्वयन शुरू हो गया है। राज्य सरकार के नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस के अतिरिक्त आवासीय आयुक्त ने बीकानेर हाउस में सरस पार्लर की स्थापना के लिए जमीन का आवंटन भी कर दिया है। आरसीडीएफ द्वारा आवंटित जमीन पर भव्य और अत्याधुनिक सरस पार्लर खोलने की कवायद शुरू कर दी है।  राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि बीकानेर हाउस के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश में भी सरस के आउटलेट्स खोले जावेंगे। उन्होने बताया कि उज्जैन में महाकाल के दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए आरसीडीएफ और जिला दुग्ध संघ कोटा द्वारा अत्याधुनिक सरस पार्लर खोला जायेगा जहाँ सरस ब्रांड के उच्च गुणवत्तायुक्त दूध एवं दुग्ध उत्पाद उपलब्ध होंगे। इसी प्रकार गोवर्धन परिक्रमा क्षेत्र में आरसीडीएफ और भरतपुर दुग्ध संघ द्वारा सरस आउटलेट्स खोले जायेंगे जहाँ परिक्रमा के लिए आने वाले भक्तों को सरस के उत्पाद आसानी से उपलब्ध होंगे।  उन्होने बताया कि सरस आउटलेट्स पर दूध, दही, छाछ, लस्सी, श्रीखण्ड, घी और मक्खन जैसे सरस उत्पादों की श्रृंखला के साथ राजस्थानी संस्कृति व स्वाद के अनुरूप परम्परागत व्यंजनो का भी विशेष प्रबन्ध किया जायेगा। उन्होने बताया कि राज्य सरकार की वित्तीय वर्ष 2026-27 की बजट घोषणा के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश आदि राज्यों में सरस उत्पादों के आउटलेट्स खोलने पर 100 करोड रूपये व्यय किये जायेंगे।

## चांदी और सोने की कीमत में मंगलवार को भी गिरावट, चांदी 228000 रुपए प्रति किलो में बिकी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मिडिल ईस्ट युद्ध का प्रभाव जयपुर के सराफा बाजार पर भी लगातार देखने को मिल रहा है पिछले कुछ दिनों से जयपुर सराफा बाजार में चांदी और सोने की कीमत में लगातार गिरावट देखी जा रही है मंगलवार को भी चांदी में 2000 और सोने में 1000 रुपए की गिरावट देखी गई मंगलवार को जयपुर सराफा बाजार में चांदी 228000 रुपए प्रति किलो था इसी तरह जयपुर सराफा बाजार में शुद्ध सोना 144000 रुपए प्रति 10 ग्राम और जेवराती सोना 134700 प्रति 10 ग्राम निर्धारित था द्य हालांकि जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में जो निरंतर कुछ दिनों से गिरावट आ रही है यह पहली बार नहीं देखी जा रही इससे पहले भी पिछले कई महीनो से जयपुर सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमत में इसी तरह से उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं जब कुछ दिनों तक सोने और चांदी की कीमत में लगातार बढ़ोतरी होती रहती है तो फिर अचानक ही सोने और चांदी की कीमत में कुछ दिनों तक लगातार गिरावट देखी गई है इस तरह से पिछले कई महीनो से सोने को चांदी की कीमत कभी बढ़ती है तो कभी डाउन चली जाती है जिसकी वजह से भाव में अस्थिरता का दूर होने की वजह से सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने वाले लोग अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने में कम रुचि दिखा रहे हैं क्योंकि इन्हें ऐसा लगता है कि कहीं इनका पैसा डूब ना जाए या फिर कहीं उन्हें घाटे का सौदा उठाना ना पड़ जाए इसलिए सोने और चांदी की कीमत में लगातार हो रही उतार-चढ़ाव से ज्यादातर लोग अब सोने और चांदी में इन्वेस्ट करने की जगह जमीन जायदाद और रियल स्टेट के कारोबार में इन्वेस्ट करना ज्यादा फायदेमंद समझ रहे हैं इसलिए जयपुर सराफा बाजार का कारोबार भी गति नहीं पकड़ पा रहा इसके अलावा मिडल ईस्ट में युद्ध होने की वजह से लोगों को अब कई तरह की बड़ी-बड़ी चुनौतियों और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है इसलिए लोग आने वाले दिनों में बड़ी-बड़ी चुनौतियों को देखते हुए एक्स्ट्रा खर्च करने से पीछे हट रहे हैं बहुत जरूरी होने पर ही सोने और चांदी के आभूषण खरीद रहे हैं जिनके घरों में शादियां हैं उन्हें मजबूरी में गहने खरीदने ही पड़ते हैं मजबूरी में और लाचारी में ही लोग जयपुर सराफा बाजार की ओर अपने कदम बढ़ा रहे हैं अन्यथा सोने और चांदी की खरीद को लेकर लोगों में ज्यादा दिलचस्पी फिलहाल देखने को नहीं मिल रही इसकी वजह यही है कि लगातार सोने और चांदी कीकीमत में हो रहे उतार चढ़ाव की वजह से लोग फिलहाल सोने और चांदी की खरीदारी में दिलचस्पी नहीं ले रहे क्योंकि मिडल ईस्ट युद्ध की वजह से लोगों का मानना है कि आने वाले दिनों में बड़ी मुश्किलें उनके सामने आ सकती हैं इसलिए जरूरी चीजों की खरीदारी में ही लोग अपना पैसा इस समय खर्च कर रहे हैं शान शौकत अन्य दिखावे के लिए लोग फिलहाल ज्यादा खर्च नहीं कर रहे ।

# सैनिक वर्दी से नहीं बल्कि अपने हौसले और संकल्प से पहचाना जाता है : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स






**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के सैनिक कल्याण विभाग की ओर से पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगलवार को डीडवाना में एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर का लोकार्पण किया गया। उद्योग एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवनिर्मित भवन को पूर्व सैनिकों को समर्पित किया।  इस अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई तथा हेल्थ कैंप का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों की भागीदारी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि देश की रक्षा में पूर्व सैनिकों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने पूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि वे अपने अनुभव और अनुशासन से युवाओं को प्रेरित करें और समाज में सक्रिय भूमिका निभाते रहें।  डीडवाना की वीर धरा पर आज एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर के उद्घाटन समारोह में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भारत के योद्धाओं से संवाद किया और वीरांगनाओं से भी आत्मीय बातचीत की। जहां भी आप रहते हैं, वहां अपनी उपस्थिति बनाएं रखें। उन्होंने सैनिकों की पत्नियों से आह्वान किया कि ऐसे में आपका फ्रंटरोल जारी रहे। हमारे इन योद्धाओं ने सीमा पर गोलियों का सामना किया है, दुश्मनों का सामना किया है। राष्ट्र को सर्वोपरी रखने का जज्बा हमारे इन गौरवान्वित सेनानियों में आज भी है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि यह परिसर हमारी वीरंगनाओं और पूर्व सैनिकों के लिए समर्पित है, जहां अस्पताल, कैंटीन और विश्राम गृह जैसी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी।  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री  भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार गौरव सेनानियों के सम्मान और सेवा में कोई कमी नहीं आने देगी। यही हमारा संकल्प है। उन्होंने आधुनिक युद्ध की बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज युद्ध केवल सीमा पर नहीं, बल्कि तकनीक, साइबर अटैक और सूचना के माध्यम से भी लड़े जा रहे हैं। ऐसे में देश को ऐसे सजग योद्धाओं की आवश्यकता है, जो बिना हथियार भी अपने मनोबल और जागरूकता से देश की रक्षा कर सकें।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद बदलेंगे घरेलू संबंधों के मायने



भारतीय परिवारों में महिलाएं ही घरेलू कामकाज संभालती आई हैं। आमतौर पर पति उनका हाथ नहीं बंटाते, दुहाई परंपरा हो या फिर अपने काम और परिश्रम की। इस बहाने प्रकारांतर से महिलाओं की गरिमा और उनके श्रम की जिस तरह उपेक्षा होती आई है, वह किसी भी सभ्य समाज के लिए विचार का विषय होना चाहिए। सच यह है कि घर में भी कामकाज का दायरा काफी बड़ा होता है और उसे अकेले गृहिणी के भरोसे छोड़ देना उचित नहीं है। घरेलू काम को मिल-बांट कर करने से न केवल काम का बोझ हल्का होता है, बल्कि इससे एक दूसरे के प्रति सम्मान बढ़ जाता है और पत्नी को समानता का अहसास होता है। इस आदर्श स्थिति से पूरा परिवार एकजुट महसूस करता है, लेकिन ऐसी स्थिति कम ही दिखाई देती है। यह दुखद ही है कि घरेलू कामकाज से लेकर खाने तक में कमियां निकालने की शिकायतें कई बार विवाद की वजह बन जाती हैं और कभी-कभी मामला अदालत तक पहुंच जाता है। ऐसे ही एक मामले में तलाक मांग रहे पति से शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि पतियों को भी घर के कामकाज की जिम्मेदारी उठानी चाहिए, क्योंकि आपने घरेलू सहायिका से नहीं, जीवन संगिनी से शादी की है। इसमें कोई दोराय नहीं कि घर में खाना पकाना हो या साफ-सफाई करना हो, अगर पति-पत्नी की भागीदारी हो, तो इससे परस्पर समानता और सम्मान का भाव पैदा होता है। इसकी अहमियत केवल काम में सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह महिला के व्यक्तित्व और उसकी अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है कि उसका विवाह पति के घर के सारे काम अकेले निपटाने के लिए नहीं हुआ है। बल्कि उसके व्यक्तित्व का भी सम्मान किया जाता है, उसे महत्त्व दिया जाता है। इससे एक नया आत्मविश्वास पैदा होता है, जो एक घर और परिवार के बीच संवेदना की कड़ियों को और मजबूत करता है। इसका एक जरूरी पहलू यह है कि जब घर के बच्चे अपने माता-पिता को मिल कर घरेलू कामकाज निपटाते देखेंगे, तो उनके भीतर भी स्त्री-पुरुष समानता के पाठ का प्रशिक्षण होगा। किसी घर में इस तरह के माहौल और कामकाज में बराबरी की सहभागिता लोगों को मानवीय संवेदनाओं से लैस करेगी और समाज को ज्यादा मानवीय बनाएगी। भारतीय संयुक्त परिवारों की पृष्ठभूमि उस मानवीय संवेदना से जुड़ती है, जिसमें सारे संसार को अपना परिवार माना जाता है। हजारों वर्षों से भारतीय परिवारों की पहचान धन, पद, संपत्ति से नहीं रही है, बल्कि उनमें निहित मूल्यों, विश्वासों, नियमों और संकल्पनाओं से रही है।




## कहानी

### सदाचरण का महत्व

मित्रो, सदाचार अर्थात अच्छा आचरण ही हमारे जीवन का आधार है । सत् आचरण का अर्थ है, नैतिक और धार्मिक आचरण ! देवता भी सदाचरण करनेवाले के साथ ही रहते हैं तथा जिनके साथ देवता रहते है, उनका जीवन भी आनंदी होता है । इस कहानी से हम यह सीखेंगे कि सदाचारी व्यक्ति के साथ लक्ष्मी, दान आदि कैसे रहते है ! यह बात महाभारतकाल की है । उस समय एक राजा हुए थे, जिनका नाम था सत्यदेव ! राजा अत्यंत सदाचारी थे । एक दिन जब वे सवेरे उठकर अपने कमरे से बाहर निकले तब उन्होंने देखा कि एक सुन्दर स्त्री राजभवनसे बाहर जा रही है । राजा को बडा आश्चर्य हुआ और राजा के मन में प्रश्न उठा कि यह स्त्री कौन है और बाहर क्यों जा रही है, यहां तो इस स्त्री को कभी पहले देखा नहीं है । राजा ने उस स्त्री का पीछा किया और उस स्त्री के सामने अपने दोनों हाथ जोडकर खडे हो गए । उस स्त्रीसे राजा ने नम्रता से पूछा, 'हे देवी, आप कौन हैं, मैने आपको पहले कभी इस भवन में नहीं देखा ' तब उस स्त्रीने कहा, 'मैं लक्ष्मी हूं और अब मैं इस राजभवनको छोडकर जा रही हूं ।' राजा बहुत चिंतित हो कर माता लक्ष्मी से बोले माता आप इस राजभवन को छोड कर क्यों जा रही हैं और माता लक्ष्मी के आगे बहुत विनती की कि वह राजभवन छोड कर ना जाएं । परन्तु माता लक्ष्मी ने राजा की एक भी बात न सुनी । तब राजाने माता लक्ष्मी को रोकने का प्रयास नहीं किया और कहा, 'माता जैसी आपकी इच्छा !' तभी वहांसे माता लक्ष्मीजी राजभवन छोड कर चली गईं । माता लक्ष्मी के जाने के तुरंत बाद ही राजा ने देखा कि माता लक्ष्मीजी के पीछे-पीछे एक सुन्दर पुरुष भी राजभवनसे बाहर जा रहा है । यह देख राजा को बहुत आश्चर्य हुआ और राजा सोच में पड गया । राजा के मन में फिर प्रश्न उठा कि यह कौन है और मेरे राजभवन से बाहर क्यों जा रहे है राजा ने उस पुरुष से पूछा, 'कि हे तेजस्वी पुरुष आप कौन हैं ' उसने उत्तर दिया, 'मेरा नाम 'दान' है । जहां माता लक्ष्मीजी रहती हैं, वही मैं रहता हूं । आपके पास लक्ष्मी अर्थात धन नहीं है, इसलिए आप दान नहीं कर पाओगे । इसलिए, मैं भी लक्ष्मीजी के साथ जा रहा हूं ।' राजा ने उस पुरुष से कहा कि, 'जैसी आपकी इच्छा, आप भी जाना चाहते है तो जा सकते हैं ।' तभी वहां दानके पीछ-पीछे 'यश'अर्थात सफलता चली जा रही थी । जैसे राजा ने उन दोनों से प्रश्न किए वैसे ही उससे भी राजाने ऐसे ही प्रश्न पूछे तब यश भी लक्ष्मीजी के पीछे चला गया । बच्चो, आपकी समझ में आ रहा है ना, लक्ष्मीजी के जाते ही उनके पीछे पीछे उस राजा के पास से दान और यश दोनों चलें गए । इसके बाद राजा के सामने चौथा पुरुष प्रकट हुआ और वह भी बाहर जाने लगा । तब राजाने उससे भी हाथ जोडकर वही प्रश्न किया । वह पुरुष बोला, 'मेरा नाम 'सदाचार' है और मैं यह राजभवन छोडकर जा रहा हूं । यह सुनते ही राजा हाथ जोडकर उसके सामने खडे हो गए और गिडगिडा कर उससे कहने लगे कि 'मैं आपको नहीं जाने दूंगा मैनें अपने पूरे जीवन में कभी भी किसी से बुरा व्यवहार नहीं किया, कभी किसी का बुरा नहीं सोचा है । मैने सदैव सभी के साथ अच्छा व्यवहार ही किया है । मैंने सदैव सदाचार ही किया है । फिर आप मुझे छोडकर क्यों जा रहे हैं मेरे मनमें कोई लालच नहीं है । इसलिए आज माता लक्ष्मीजी को जाते हुए देखकर भी मैने उन्हें नहीं रोका ।

# मुस्लिम मन का अंतर्द्वंद्व



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जंग से पश्चिम एशिया युद्धभूमि में परिवर्तित हो चुका है। पिछली एक सदी में यह पहली बार है, जब भारतीय उपमहाद्वीप के मुसलमान किंकर्तव्यविमूढ़ हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि अब तक इस्लाम को किससे तथाकथित 'खतरा' है, इसे लेकर उनकी एक स्पष्ट धारणा थी। तमाम मुस्लिमों की सहानुभूति ईरान के साथ है, परंतु वे इस युद्ध का खुलकर समर्थन इसलिए नहीं कर पा रहे है, क्योंकि ईरान प्रतिक्रियास्वरूप अपने हवाई हमलों से पश्चिम एशिया-खाड़ी के घोषित इस्लामी देशों को भी जख्मी कर रहा है। अब जाएं, तो किधर जाएं? ईरानी कोप के शिकार खाड़ी देशों में यूएई, कतर, कुवैत, ओमान, बहरीन, इराक और जार्डन के साथ वह सऊदी अरब भी है, जहां सदियों पहले हजरत मोहम्मद साहब का जन्म हुआ, इस्लाम ने मजहबी आकार लिया, कुरान का अवतरण हुआ। मुसलमानों के लिए पवित्र मक्का-मदीना यहीं स्थित है। आखिर भारतीय उपमहाद्वीप के तमाम मुसलमान सऊदी और अन्य मुस्लिम देशों पर ईरानी आक्रामकता को 'इस्लाम पर हमला' क्यों नहीं कह रहे हैं? इसका उत्तर खाड़ी देशों की वर्तमान राजनीतिक दिशा और नेतृत्व में निहित है। सऊदी अरब के शासक मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस), जिनका परिवार मक्का-मदीना का संरक्षक है, 2017 से लगातार ईरान की नीतियों और 1979 की उसकी इस्लामी क्रांति को इस्लामी दुनिया में बढ़ती असहिष्णुता के लिए जिम्मेदार ठहराते रहे हैं। विडंबना यह है कि जिस बात के लिए एमबीएस ईरान को कोस रहे हैं, उसका दोषी सऊदी अरब भी रहा है, क्योंकि सऊदी शासन लंबे समय तक कट्टरपंथी वहाबी-सलाफी विचारधारा से प्रभावित 'तौहीद' (एकेश्वरवाद) की कठोर व्याख्या करते हुए सूफीवाद, शिया परंपराओं और मजार-दरगाह परंपरा का विरोध करता रहा। पेट्रो-डालर की शक्ति से संपन्न सऊदी अरब ने इस विचारधारा के प्रसार के तहत वैश्विक स्तर पर मस्जिदों, मदरसों और इस्लामी संस्थानों का भारी वित्तपोषण किया। 1980 के दौर में अमेरिका ने सऊदी अरब और पाकिस्तान के समर्थन से सोवियत संघ के खिलाफ अफगानिस्तान में जिहाद को बढ़ावा दिया। अलकायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे जिहादी संगठन वहाबी-सलाफी की वैचारिक घुट्टी से ही प्रेरणा पाते हैं, किंतु 21वीं सदी के बदलते वैश्विक परिदृश्य, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उदय, ई-वाहनों के प्रसार और वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों के चलते सऊदी अरब स्वयं को मध्यकालीन मानसिकता से बाहर निकालकर व्यावहारिक, उदार और सह-अस्तित्व आधारित समाज बनाना चाहता है। एमबीएस के नेतृत्व में सऊदी अरब पूर्णतः शरीयत-आधारित इस्लामी देश नहीं रह गया है। सत्ता संभालने के बाद उनका कहना था, 'हम अपनी जिंदगी के अगले 30 वर्ष विनाशकारी विचारों से जूझने में नहीं बिताएंगे। हम उन्हें समाप्त कर देंगे।' इसी के चलते बीते एक दशक से सऊदी अरब में वे सामाजिक सुधार हो रहे हैं, जो विशुद्ध इस्लामी दृष्टिकोण में वर्जित (हराम) हैं। इनमें मनोरंजन-पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं को बिना पुरुष संरक्षक के वाहन चलाने की अनुमति, कामकाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने सहित श्रम कानूनों में सुधार शामिल हैं। उन नियमों में भी सुधार किया जा रहा है, जो सह-अस्तित्व में बड़ी बाधा हैं। इसी कड़ी में दो वर्ष पहले पड़ोसी देश यूएई में स्वामीनारायण मंदिर का भव्य निर्माण हुआ। बहरीन भी हिंदू मंदिर हेतु जमीन आवंटित कर चुका है। वास्तव में सदियों बाद सऊदी अरब समेत खाड़ी देश कट्टरवादी इस्लामी बेड़ियों को काट रहे हैं। जैसे-जैसे अरब देश स्वयं को उदार, सहिष्णु और आधुनिक बना रहे हैं, वैसे-वैसे भारतीय उपमहाद्वीप के मुसलमानों का एक वर्ग इन देशों से निराश हो रहा है। इसका ऐतिहासिक संदर्भ समझना आवश्यक है। प्रथम विश्वयुद्ध में जब ब्रिटेन ने तुर्किये पर हमला किया, जिसके शासक को इस्लामी जगत में खलीफा की पदवी हासिल थी, तब दुनिया में केवल अविभाजित भारत के मुसलमान खलीफा पद की बहाली हेतु आंदोलित हो उठे, जिसे हम खूनी 'खिलाफत आंदोलन' के नाम से जानते हैं। तब दक्षिण-पूर्व एशिया (इंडोनेशिया-मलेशिया सहित) खिलाफत आंदोलन से अप्रभावित रहा, जहां मुसलमानों की बड़ी संख्या बसती थी। इसके कारण स्पष्ट हैं। भारतीय उपमहाद्वीप में इस्लाम का विस्तार मुख्यतः बाहरी आक्रांताओं के जरिये हुआ, जिससे यहां के मुसलमानों में राजनीतिक-साम्राज्यवादी चेतना प्रबल रही, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में यह प्रक्रिया अधिक शांतिपूर्ण, व्यापारिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से विकसित हुई। भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश मुसलमान न केवल अपनी पूर्व-इस्लामी जड़ों से कट चुके हैं, बल्कि उससे घृणा भी करते हैं, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया के ज्यादातर मुस्लिमों में स्थानीय सांस्कृतिक निरंतरता कायम है। तब भारत के मुसलमानों ने उस्मानी खिलाफत को वैश्विक इस्लामी सत्ता के रूप में देखा। तब मुस्लिम समाज के अभिजात्य वर्ग की यह धारणा बनी कि खिलाफत की रक्षा वस्तुतः भारत में इस्लामी परचम को फिर से लहराने का उपक्रम है, इसलिए तब मालाबार समेत देश के कई हिस्सों में हिंदुओं का नरसंहार किया गया। इसके विपरीत, दक्षिण-पूर्व एशिया के मुस्लिम समाजों के लिए तुर्किये का प्रश्न दूरस्थ था। प्रथम विश्वयुद्ध से तुर्किये के क्रमिक पतन और पश्चिमी शक्तियों के हस्तक्षेप से पश्चिम एशिया का राजनीतिक भूगोल बदला और कई इस्लामी देश अस्तित्व में आए। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका ने सऊदी के साथ 'सुरक्षा के बदले तेल' का समझौता किया

*पेट्रो-डालर की शक्ति से संपन्न सऊदी अरब ने इस विचारधारा के प्रसार के तहत वैश्विक स्तर पर मस्जिदों, मदरसों और इस्लामी संस्थानों का भारी वित्तपोषण किया। 1980 के दौर में अमेरिका ने सऊदी अरब और पाकिस्तान के समर्थन से सोवियत संघ के खिलाफ अफगानिस्तान में जिहाद को बढ़ावा दिया। अलकायदा और इस्लामिक स्टेट जैसे जिहादी संगठन वहाबी-सलाफी की वैचारिक घुट्टी से ही प्रेरणा पाते हैं, किंतु 21वीं सदी के बदलते वैश्विक परिदृश्य, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उदय, ई-वाहनों के प्रसार और वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलावों के चलते सऊदी अरब स्वयं को मध्यकालीन मानसिकता से बाहर निकालकर व्यावहारिक, उदार और सह-अस्तित्व आधारित समाज बनाना चाहता है। एमबीएस के नेतृत्व में सऊदी अरब पूर्णतः शरीयत-आधारित इस्लामी देश नहीं रह गया है। सत्ता संभालने के बाद उनका कहना था, 'हम अपनी जिंदगी के अगले 30 वर्ष विनाशकारी विचारों से जूझने में नहीं बिताएंगे। हम उन्हें समाप्त कर देंगे।' इसी के चलते बीते एक दशक से सऊदी अरब में वे सामाजिक सुधार हो रहे हैं, जो विशुद्ध इस्लामी दृष्टिकोण में वर्जित (हराम) हैं। इनमें मनोरंजन-पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं को बिना पुरुष संरक्षक के वाहन चलाने की अनुमति, कामकाज में उनकी भागीदारी बढ़ाने सहित श्रम कानूनों में सुधार शामिल हैं। उन*

# प्रासंगिकता खोता संयुक्त राष्ट्र

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष और रूस-यूक्रेन जैसे युद्धों ने न सिर्फ वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित किया है, बल्कि भू-राजनीतिक तनावों ने विश्व के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। ऊर्जा की कीमतों में तीव्र बढ़ोतरी ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था को अस्थिर कर दिया है, बल्कि मुद्रा विनिमय दरों पर दबाव बढ़ने से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं भी प्रभावित हो रही हैं। आज हर देश, चाहे वह विकसित हो या विकासशील महंगाई, बेरोजगारी और धीमी आर्थिक वृद्धि जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। विश्व की बदलती भू-राजनीति केवल राजनीतिक संतुलन को ही प्रभावित नहीं कर रही, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था, व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका को भी गहराई से प्रभावित कर रही है। इन परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र से यह अपेक्षा थी कि वह विभिन्न देशों के बीच संवाद स्थापित कर, संघर्षोंन को रोककर और कूटनीतिक समाधान निकालकर वैश्विक स्थिरता बनाए रखेगा। किंतु वास्तविकता यह है कि संयुक्त राष्ट्र इन अपेक्षाओं पर पूर्णतः खरा नहीं उतर पाया है। बड़े देशों के बीच बढ़ते अविश्वास, हितों के टकराव और शक्ति राजनीति के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसी संस्था भी निर्णायक हस्तक्षेप करने में असमर्थ रही है। परिणामस्वरूप न केवल युद्ध लंबे समय तक चल रहे हैं, बल्कि उनका प्रभाव विश्व अर्थव्यवस्था पर और अधिक गहरा होता जा रहा है। पश्चिम एशिया में ईरान, इजरायल और अन्य क्षेत्रीय शक्तियों के बीच बढ़ते तनाव के दौरान संयुक्त राष्ट्र की चेतावनियां केवल प्रतीक मात्र बनकर रह गई हैं। एक ओर संयुक्त राष्ट्र के मंच से शांति और संवाद की बात की जाती है, दूसरी ओर जमीनी स्तर पर मिसाइल हमले, सैन्य कार्रवाई और नागरिक हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यह अंतर केवल कूटनीतिक कमजोरी का नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन की वास्तविकता का भी प्रतीक है, जहां शक्तिशाली देश अपने



रणनीतिक हितों के अनुसार कार्य करते हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की अपीलों को नजरअंदाज कर देते हैं। स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की कूटनीतिक प्रक्रिया वर्तमान समय की तेज और जटिल युद्ध परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। जहां एक ओर युद्ध तेजी से बदले हैं, वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत धीमी और औपचारिक होती है जिससे इसकी विश्वसनीयता एवं प्रासंगिकता भी लगभग खत्म हो चुकी है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर देशों के बीच सहयोग, संवाद, शांति और भविष्य के युद्धों को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। प्रारंभिक दशकों में इस संस्था ने कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, परंतु बदलती वैश्विक परिस्थितियों में इसकी संरचना और कार्यप्रणाली अब समय के साथ सामंजस्य नहीं बिठा पा रही है। उस समय शक्ति संतुलन कुछ चुनिंदा देशों के हाथ में केंद्रित था, जबकि आज वैश्विक शक्ति बहुध्रुवीय हो चुकी है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों का प्रभाव बढ़ा है। भारत, चीन, ब्राजील और अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाएं वैश्विक राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ऐसे समय में यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि संयुक्त राष्ट्र को वर्तमान वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप पुनर्गठित और सशक्त बनाया जाए, ताकि पुनः अपनी प्रभावशीलता प्राप्त कर विश्व को एक अधिक सुरक्षित, संतुलित और सही दिशा प्रदान कर सके। इसमें भारत जैसे जिम्मेदार और लोकतांत्रिक राष्ट्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। भारत को न केवल इस सुधार प्रक्रिया में सक्रिय पहल करनी चाहिए, बल्कि एक संतुलित, समावेशी और न्यायपूर्ण वैश्विक व्यवस्था के निर्माण के लिए नेतृत्व भी प्रदान करना होगा। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी चुनौती उसकी निष्क्रियता नहीं, बल्कि संरचनात्मक बाधाएं हैं, जहां वीटो पावर की राजनीति वैश्विक शांति के प्रयासों को बार-बार अवरुद्ध कर देती है।

*यह अंतर केवल कूटनीतिक कमजोरी का नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन की वास्तविकता का भी प्रतीक है, जहां शक्तिशाली देश अपने रणनीतिक हितों के अनुसार कार्य करते हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की अपीलों को नजरअंदाज कर देते हैं। स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की कूटनीतिक प्रक्रिया वर्तमान समय की तेज और जटिल युद्ध परिस्थितियों के अनुरूप नहीं है। जहां एक ओर युद्ध तेजी से बदले हैं, वहीं दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया अपेक्षाकृत धीमी और औपचारिक होती है जिससे इसकी विश्वसनीयता एवं प्रासंगिकता भी लगभग खत्म हो चुकी है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वैश्विक स्तर पर देशों के बीच सहयोग, संवाद, शांति और भविष्य के युद्धों को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी। प्रारंभिक दशकों में इस संस्था ने कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, परंतु बदलती वैश्विक परिस्थितियों में*

# विरोधाभासी ट्रंप

ईरान पर भीषण हमले करने की धमकियां देने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह यकायक पांच दिन तक ईरान के बिजली संयंत्रों पर हमले रोकने की बात कही, वह उनके विरोधीभासी रवैये का नया प्रमाण ही है। उन्होंने गत दिनों ही यह धमकी दी थी कि यदि ईरान ने होर्मुज समुद्री मार्ग नहीं खोला तो उसके बिजली संयंत्रों को तबाह कर दिया जाएगा। इस पर ईरान ने चेताया था कि यदि ऐसा हुआ तो उक्त जल मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा और बिजली संयंत्रों की मरम्मत होने तक उसे खोला भी नहीं जाएगा। इसके बाद ट्रंप ने ईरान से सकारात्मक बात होने और इसके नतीजे में उसके बिजली संयंत्रों और तेल एवं गैस



ठिकानों पर अमेरिकी हमले पूरी तौर पर रोकने की घोषणा की। निःसंदेह यह राहत की बात होती, यदि ईरान ने उनके इस दावे पर सहमति जताई होती। ट्रंप के दावे के विपरीत ईरान का कहना है कि अमेरिका से न तो कोई प्रत्यक्ष बात हुई और न ही परोक्ष। इसकी भी अनदेखी न करें कि चंद दिन पहले ही ईरानी विदेश मंत्री ने साफ कहा था कि अमेरिका से वार्ता के लिए कोई गुंजाइश नहीं, क्योंकि उसने धोखा दिया है। उनका आशय अमेरिकी प्रतिनिधियों से बातचीत के बीच इजरायल और अमेरिका के उन हमलों से था, जो 28 फरवरी को शुरू हुए। माना जाता था कि पिछले वर्ष जून की तरह इस बार भी ईरान इजरायल और अमेरिका के संयुक्त हमलों का अधिक दिनों तक सामना नहीं कर पाएगा, पर इन हमलों में अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं सैन्य अधिकारियों को खोने के बाद भी ईरान जवाबी कार्रवाई करने में सक्षम बना हुआ है। उसने इजरायल के साथ ही खाड़ी के देशों को भी निशाना बनाकर युद्ध को एक नया विस्तार तो दिया ही, होर्मुज जल मार्ग बंद कर दुनिया भर में तेल एवं गैस का संकट भी खड़ा कर दिया। यह किसी से छिपा नहीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की इस आक्रामक युद्ध रणनीति का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। लगता है ईरान की चौतरफा जवाबी कार्रवाई और उसकी बढ़ी हुई मारक क्षमता देखकर ट्रंप को समझ नहीं आ रहा है कि वे क्या करें? कहीं वे इस युद्ध से निकलने की सम्मानजनक राह तो नहीं तैयार कर रहे हैं? जो भी हो, उनकी समस्या इसलिए बढ़ गई है, क्योंकि एक ओर जहां ऊर्जा संकट की चुभन अमेरिका को भी महसूस होने लगी है

## विश्व टीवी दिवस पर फोटो सेशन तक सीमित रहा कार्यक्रम, जागरूकता संगोष्ठी नहीं होने की चर्चा



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर जहां अस्पतालों में मरीजों व आमजन को क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करने के लिए संगोष्ठियों व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, वहीं फुलेरा उप जिला चिकित्सालय में इस बार कार्यक्रम औपचारिकता तक सीमित रहने की चर्चा रही। चिकित्सालय परिसर में टीबी जागरूकता से संबंधित बैनर लगाकर डॉक्टर व नर्सिंग कर्मियों की ओर से सामूहिक रूप से फोटो खिंचवाकर कार्यक्रम संपन्न किया गया। अस्पताल में आए मरीजों व आमजन के लिए किसी प्रकार की संगोष्ठी या विशेष जागरूकता गतिविधि आयोजित नहीं किए जाने की बात सामने आई, जिससे यह कार्यक्रम चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान उप जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र भामू, डॉ. मनोज बियानी, डॉ. रामबाबू गुर्जर, डॉ. दिनेश यादव, डॉ. सुनील, प्रवीण वर्मा, भवानी वर्मा, एंबुलेंस चालक प्रकाश खुवाल सहित नर्सिंग कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता के लिए ऐसे दिवस महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में केवल औपचारिकता निभाने के बजाय मरीजों व आमजन के लिए प्रभावी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की आवश्यकता है।


## डॉ.एनके अग्रवाल बने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान के सचिव



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन राजस्थान राज्य शाखा के हाल ही में संपन्न चुनावों के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसके साथ ही वर्ष 2026-28 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। निर्वाचन मुख्य आयुक्त की ओर से जारी परिणामों के अनुसार चौमूं निवासी डॉ. एन.के. अग्रवाल को राज्य सचिव चुना गया है। नवनिर्वाचित सचिव अग्रवाल ने बताया कि नई कार्यकारिणी चिकित्सा जगत की समस्याओं के समाधान, डॉक्टरों के हितों की रक्षा और प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि आईएमए समाज और चिकित्सकों के बीच सेतु का कार्य करती रहेगी। स्वागत करने वालों में डॉ. हनुमान बराला, डॉ मान प्रकाश सैनी उपस्थित रहे।

## गांवों में सफाई कार्यो का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद बबलीराम जाट की ओर से पंचायत समिति धौलपुर की ग्राम पंचायत निनोखर, दुबाटी, हिनौता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजनान्तर्गत ग्राम पंचायतो, संवेदकों की ओर से कराई गई सफाई कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सफाई का अभाव पाया गया और आम रास्तों पर गन्दगी व जल भराव पाया गया। जिस पर नाराजगी प्रगट करते हुए प्रशासको व ग्राम विकास अधिकारियो को फटकार लगाते हुये सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने एवं कीचड़ व जल भराव की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत निनोखर, दुवाटी, हिनौता को 17 सीसीए के तहत नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। सम्बन्धित संवेदक के विरूद्ध निविदा शर्तो के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश विकास अधिकारी पंचायत समिति धौलपुर को दिए गए। निरीक्षण के दौरान मौके पर विकास अधिकारी राजेश लवानिया, मनोज सिंह अति0 विकास अधिकारी, गजराजसिंह राना ब्लॉक समन्वयक एस.बी.एम. व निनोखर, दुवाटी, हिनौता के ग्राम विकास अधिकारी, प्रशासक व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पिकअप के नीचे आने से 3 साल की मासूम की दर्दनाक मौत, गांव में पसरा मातम

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के दिहौली थाना क्षेत्र के अतरौली गांव में एक हृदयविदारक हादसे में 3 वर्षीय मासूम बालिका की पिकअप वाहन के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, पिकअप चालक गांव की एक दुकान पर सामान लेने के लिए वाहन खड़ा कर रुका हुआ था। इसी दौरान पास में खेल रही मासूम बच्ची अनजाने में वाहन के नीचे चली गई। चालक को इसकी जानकारी नहीं हुई और जैसे ही उसने वाहन आगे बढ़ाया, बच्ची उसकी चपेट में आ गई। हादसा इतना गंभीर था कि बालिका ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही दिहौली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों में भी गहरा दुख व्याप्त है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# सीएम दौरे ने बदले फुलेरा के सियासी मायने : राजेश गुर्जर बने केंद्र में, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत हाशिए पर

### दहमी में जिलाध्यक्ष के घर पहुंचकर दिया स्पष्ट संदेश

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक/नरैना (निसं.)।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के फुलेरा क्षेत्र के दौरे ने स्थानीय राजनीति में हलचल मचा दी है। धार्मिक यात्रा के बीच हुए इस दौरे ने भाजपा के भीतर बदलते शक्ति संतुलन को भी उजागर कर दिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम ने यह साफ संकेत दिया कि संगठन में सक्रिय और मजबूत पकड़ रखने वाले नेताओं को प्राथमिकता मिल रही है, जबकि पुराने सियासी समीकरण अब बदलते नजर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने सोमवार को जोबनेर स्थित ज्वाला माताजी और सांभर क्षेत्र में शाकंभरी माताजी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इसके बाद जयपुर लौटते समय उन्होंने फुलेरा- बिचून-मौखमपुरा मार्ग अपनाया। इसी दौरान मुख्यमंत्री सीधे दहमी (बगरू) स्थित भाजपा के जयपुर देहात जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर के निवास पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ने राजेश गुर्जर के परिजनों से आत्मीय मुलाकात की, सादगीपूर्ण माहौल में समय बिताया और उन्हें आशीर्वाद दिया। राजनीतिक दृष्टि से इस मुलाकात को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह न केवल व्यक्तिगत संबंधों का संकेत था, बल्कि संगठनात्मक मजबूती को भी दर्शाता है। दूसरी ओर, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत इस पूरे दौरे में सियासी तौर पर उपेक्षित नजर आए। सूत्रों के अनुसार, कुमावत ने मुख्यमंत्री को अपने फुलेरा स्थित आवास पर लाने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन मुख्यमंत्री का कार्यक्रम वहां नहीं बन सका। इस घटनाक्रम को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं। गौरतलब है कि निर्मल कुमावत लगातार तीन बार भाजपा के टिकट पर फुलेरा से विधायक रहे, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस के विद्याधर चौधरी के हाथों करीब 27,990 मतों से करारी हार झेलनी पड़ी थी। स्थानीय स्तर पर इस हार के पीछे विकास कार्यों में कमी, जनता से दूरी और पार्टी में गुटबाजी जैसे कारणों को प्रमुख माना गया। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा और खासकर राजेश गुर्जर के निवास पर जाना, पार्टी के भीतर एक स्पष्ट संदेश है कि अब केवल पूर्व पद या पुराना कद ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि वर्तमान में संगठन के प्रति सक्रियता और जमीनी पकड़ ज्यादा मायने रखती है। यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व में निर्मल कुमावत ने अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के फुलेरा आगमन के दौरान उन्हें अपने निवास पर ले जाकर शक्ति प्रदर्शन किया था। लेकिन इस बार मुख्यमंत्री का उनके घर नहीं जाना, उनके घटते प्रभाव की ओर संकेत करता है। वहीं जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर लगातार संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री का उनके घर पहुंचना उनके बढ़ते राजनीतिक कद की पुष्टि के रूप में देखा जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा में अब संगठन सर्वोपरि है और नेतृत्व उसी को तरजीह दे रहा है जो पार्टी को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। फुलेरा क्षेत्र में इस दौरे के बाद सियासी समीकरण बदलते हुए नजर आ रहे हैं और आने वाले समय में इसका प्रभाव और अधिक स्पष्ट रूप से सामने आ सकता है।

## शाकंभरी माता के दर्शन कर लौटे मुख्यमंत्री, नरैना-दूदू मार्ग की अनदेखी से लोगों में नाराजगी

### दादूधाम व गुरुद्वारा होने के बावजूद नहीं पहुंचे नरैना, जर्जर सड़कों को लेकर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स



**नरैना(निसं.)।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोबनेर स्थित ज्वाला माताजी के दर्शन करने के बाद सांभर झील क्षेत्र में शाकंभरी माताजी के दरबार में पहुंचकर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री फुलेरा- बिचून-मौखमपुरा मार्ग से जयपुर के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर जहां एक ओर धार्मिक आस्था का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर नरैना क्षेत्र के लोगों में निराशा देखने को मिली। सांभर से मात्र 15 किलोमीटर दूर स्थित नरैना कस्बा, जो दादू संप्रदाय की मुख्य पीठ के रूप में देशभर में प्रसिद्ध है, मुख्यमंत्री के दौरे से अछूता रह गया। गौरतलब है कि दादूधाम नरैना में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट सहित कई बड़े नेता दर्शन कर चुके हैं। वहीं पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह भी श्रीचरण कमल साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेक चुके हैं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री का यहां नहीं आना लोगों को खटका। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि मुख्यमंत्री नरैना होकर दूदू जाते, तो उन्हें क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं का अंदाजा होता। नरैना-दूदू मार्ग की हालत बेहद खराब है और स्टेट हाईवे-2 जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढों के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की ओर से गुरुद्वारे के पास करीब दो करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए पेनोरमा के बावजूद क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाया है। सड़कें बदहाल हैं और मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है। मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद थे, जिनका यह विधानसभा क्षेत्र है। ऐसे में स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि वे इस मार्ग से गुजरकर समस्याओं का जायजा लेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि बेहतर सड़कों वाले मार्ग से आना-जाना आसान जरूर रहा, लेकिन इससे क्षेत्र की असल स्थिति मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंच पाई। लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी है कि उनकी समस्याएं एक बार फिर अनसुनी रह गईं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का मानना है कि यदि जल्द ही सड़क और विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो इसका असर आगामी चुनावों में देखने को मिल सकता है।

## स्कूल बसों में भारी खामियां उजागर, जर्जर सीटें, न कैमरा न मेडिकल किट

### चालान-जब्ती के सख्त निर्देश

जयपुर टाइम्स



**सांभरलेक/फुलेरा(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को सांभर लेक व फुलेरा क्षेत्र में स्कूली बसों के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के सचिव पवन कुमार जीनवाल ने क्षेत्र में संचालित स्कूली बसों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बच्चों की सुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ सामने आने पर सचिव ने कड़ी नाराजगी जताते हुए जिम्मेदारों को फटकार लगाई।

निरीक्षण में खुली पोल: जर्जर बसों में ढोए जा रहे मासूम: जांच के दौरान कई बसें खस्ताहाल स्थिति में पाई गईं। अनेक बसों के पास फिटनेस प्रमाणपत्र व आवश्यक दस्तावेज नहीं मिले, वहीं कई बसों के सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए। आपात स्थिति से निपटने के लिए जरूरी मेडिकल किट भी अधिकांश बसों में नहीं मिली। इसके अलावा बच्चों की बैठने की सीटें टूटी-फूटी व असुरक्षित हालत में पाई गईं, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। इन खामियों ने स्कूल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया।

### डीटीओ दूदू को सख्त निर्देश: चालान काटकर बसें करें जब्त:

निरीक्षण के दौरान मौजूद पुलिस टीम की मौजूदगी में सचिव ने मौके पर ही डीटीओ दूदू को सख्त निर्देश दिए कि जिन बसों के दस्तावेज अधूरे हैं या जो जर्जर हालत में संचालित हो रही हैं, उनके तत्काल चालान काटकर बसों को जब्त किया जाए। निरीक्षण के दौरान सचिव ने पुलिस टीम के सामने डीटीओ दूदू को जो सख्त निर्देश दिए हैं, अब उनका पालन कब तक होता है, यह देखने लायक होगा। साथ ही स्कूल संचालकों को चेतावनी दी गई कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बिना फिटनेस-परमिट के दौड़ रहे निजी स्कूल वाहन:

सूत्रों के अनुसार कस्बे में कई निजी स्कूलों के वाहन अभी भी बिना फिटनेस और बिना परमिट के खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं। जिम्मेदार विभागों की ढिलाई के चलते यह लापरवाही लगातार जारी है, जिससे मासूम बच्चों की सुरक्षा पर हर दिन खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे वाहनों के खिलाफ नियमित व सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस औचक निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के एलडीसी प्रसून दीक्षित, चांदमल साभरिया सहित स्थानीय पुलिस टीम के जवान मौजूद रहे।

### नगर निकायों में निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप का प्रकाशन

## 24 मार्च से 7 अप्रैल तक दावे व आपत्तियां दर्ज कराने की अवधि

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिले के नगर निकायों में निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप का प्रकाशन मंगलवार को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों की ओर से कर दिया गया है। इसके अंतर्गत नगर निगम जयपुर, नगर परिषद शाहपुरा तथा नगरपालिका दूदू, कानोता, खेजरोली, कालाडेरा, बस्सी, फागी, जमवारामगढ़, मनोहरपुर, वाटिका एवं नरायना शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर मेघराज मीणा ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची पर दावे व आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि 24 मार्च से 7 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इस अवधि के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची का पठन 25 मार्च को नगर निगम, परिषद व नगरपालिका क्षेत्रों के वार्डों में आयोजित वार्ड सभाओं के माध्यम से किया जाएगा, जहां संबंधित भागों की निर्वाचक नामावलियों का वाचन किया जाएगा। मतदान केन्द्रों पर दावे व आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए विशेष अभियान भी आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 29 मार्च व 5 अप्रैल की तिथियां निर्धारित की गई हैं। इन दिनों पदाभिहित अधिकारी प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर आमजन से आवेदन प्राप्त करेंगे। दावे व आपत्तियां निर्धारित प्रपत्र 3, 5 एवं 6 में प्रस्तुत की जा सकेंगी। प्राप्त दावों व आपत्तियों का विवरण प्रपत्र 8, 9 एवं 10 में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रतिदिन तैयार कर कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित किया जाएगा। प्राप्त दावे व आपत्तियों का निस्तारण 15 अप्रैल तक किया जाएगा तथा 22 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

## 62 फर्मों पर कार्यवाही, जुर्माना राशि रुपये 731000/- वसूली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से पैकेज्ड कमोडिटी रूल्स, 2011 के अंतर्गत प्रि- पैकेज्ड वस्तुओं में उपभोक्ताओ को पूरा तौल मिलना सुनिश्चित किए जाने के लिए प्रदेश की मसाले, तेल, आटा, नमकीन, डेयरीक्रीम, दूध, चायपत्ती आदि उत्पाद प्रीपैक करने वाले मैन्युफैक्चरर पैकर फ़र्मो पर नेट कंटेंट के परिपेक्ष्य में प्रदेश में कुल 62 निरीक्षण किए गए। विधिक मापविज्ञान अधिनियम - 2009 एवं डिब्बा बन्द वस्तुएँ नियम - 2011 के अन्तर्गत 26 फर्मों पर निरीक्षण कार्यवाही की गई। जिनमें से पैकेज्ड कमोडिटी नियम ,2011 के तहत तथा सत्यापन प्रमाण पत्र व सत्यापित बाट माप नही पाए जाने पर फर्मो पर प्रकरण दर्ज फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाकर 731000/- रुपये का जुर्माना लगाया गया। जयपुर जिले की मंत्री एग्रो इंडस्ट्रीज व टोंक जिले की एसवी उद्योग के पैकेटो में नेट कंटेंट कम पाया गया।

डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस निरीक्षणों का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने के लिये प्रेरित करने के साथ ही उपभोक्ताओं को उनके मूल अधिकारों के बारे में सूचित किये जाने तथा उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना है। किसी भी प्रकार की सेवा एवं वस्तुएं जो राशी देकर प्राप्त की गई है, उन सेवाओं और वस्तुओं की शुद्धता, गुणवता, मानक, मात्रा एवं सही माप तौल उपभोक्ता का विधिक अधिकार है इन अधिकारों के उल्लंघन पर उपभोक्ता, उपभोक्ता मामले विभाग को शिकायत कर सकता है। राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन नं. 18001806030 एवं 14435 व वाट्सएप नं. 7230086030 पर शिकायत की जा सकती है। उपभोक्ता हैल्पलाइन शिकायत दर्ज करने के साथ ही परामर्श सलाह व मार्गदर्शन का काम भी करती है।

### तीसरी आंख बनी खुलासे में मददगार

## चौमूं पुलिस का बड़ा एक्शन: स्टेशनरी दुकान से चोरी करने वाले 3 शातिर चोर दबोचे

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की नकदी व सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशान्त किरण (IPS) के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता (RPS) व सहायक पुलिस आयुक्त चौमूं उषा यादव (IPS) के सुपरविजन तथा थाना प्रभारी हरवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार परिवादी विमल कुमार पंचोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 15 मार्च को रामपुरा स्टैंड स्थित उनकी गणपति स्टेशनरी दुकान पर तीन युवक आए। दो युवक बैग देखने के बहाने उन्हें नीचे ले गए, जबकि तीसरे ने मौका पाकर गल्ले से 7 हजार रुपए व अन्य सामान चुरा लिया और फरार हो गए। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने घटनास्थल व आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इसके बाद तीनों आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में हरि मोष्ठन (20) निवासी कोटा हाल जैतपुरा, दीपक राणावत (20) निवासी जैतपुरा तथा सुभाष प्रजापत (28) निवासी जैतपुरा शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी हरवेन्द्र सिंह के साथ हेड कांस्टेबल बलबीर सिंह, कांस्टेबल घनश्याम, मूलचंद, राकेश व घोलूराम की विशेष भूमिका रही। पुलिस आरोपियों से अन्य वारदातों के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

## 'ग्राम-2026' से बदलेगी राजस्थान की खेती की तस्वीर, तकनीक और निवेश से नए अवसर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान में कृषि क्षेत्र पारंपरिक चुनौतियों से निकलकर अब आधुनिक तकनीक, निवेश और नीतिगत सुधारों के सहारे नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार द्वारा सिंचाई, यंत्रीकरण, बीमा और किसान-केंद्रित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से खेती अधिक लाभकारी बन रही है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए केंद्र व राज्य योजनाओं के माध्यम से सहायता बढ़ाई गई है। फसल बीमा, ऋण अनुदान और पीएम किसान योजना के तहत लाखों किसानों को लाभ मिला है। जल प्रबंधन के तहत हजारों फार्म पॉण्ड, ड्रिप व स्प्रिंकलर प्रणाली और पाइपलाइन बिछाने जैसे कार्यों से सिंचाई व्यवस्था मजबूत हुई है। वहीं कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए लाखों कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया गया है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत बीज वितरण और जैविक खेती को प्रोत्साहन से उत्पादन में सुधार आया है। साथ ही लाखों किसानों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाया गया है। महिला सशक्तिकरण के तहत कृषि शिक्षा में छात्राओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम-2026)' का आयोजन कर रही है, जिसमें हजारों किसान और सैकड़ों कंपनियां भाग लेंगी। यह आयोजन कृषि में तकनीक, निवेश और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देगा। इन प्रयासों से राजस्थान कृषि नवाचार और उत्पादकता के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए नए मानक स्थापित कर रहा है।

### मनियां नगरपालिका वार्डो की मतदाता सूची पर बैठक, दावे-आपत्तियां 24 मार्च से 7 अप्रैल तक

**धौलपुर(निस)।** नगरीय निकाय चुनाव 2026 के तहत नगर पालिका मनियां की निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन को लेकर राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा से डॉ. मनोज शर्मा, आम आदमी पार्टी से मुवीन अहमद फारूकी, बसपा से किशनसिंह अजानिया तथा कांग्रेस से साकेत बिहारी शर्मा उपस्थित रहे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसीएम मनियां कर्मवीर सिंह ने बताया कि मतदाता सूची 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले पात्र नागरिकों के आधार पर तैयार की जाएगी। नगर पालिका मनियां में कुल 10,235 मतदाता हैं, जिनमें 5,329 पुरुष व 4,906 महिला शामिल हैं। उन्होंने बताया कि 24 मार्च से 7 अप्रैल तक दावे-आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। 29 मार्च व 5 अप्रैल को विशेष अभियान दिवस रहेंगे। 25 मार्च को वार्ड सभाओं में मतदाता सूची का पठन किया जाएगा। बैठक में सभी दलों को मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराई गई तथा नागरिकों से पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जुड़वाने की अपील की गई।]

# बिसाऊ में टॉपर कर किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से कक्षा 10वीं घोषित परीक्षा परिणाम में बिसाऊ एकेडमी सी.सै.स्कूल, बिसाऊ का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें विद्यालय के आर्यन 93, अनिशा 92, जतिन भामू,जतिन सैनी, शाहनाबाज, अमित कुमार, रोनक कुल्हरी, अश्विनी कुमार, कौशल फगेडिया, मेहुल सैनी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर संस्था प्राचार्य विनोद ने बच्चों को मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर उप प्राचार्य रविश कुमार, सतपाल सिंह, मंजू कुमारी, सुरेन्द्र कुमार,सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# जाजोद में राधा शर्मा ने 91 प्रतिशत प्राप्त कर पाया पहला स्थान

जयपुर टाइम्स



**जाजोद(निस।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10वीं कक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने यह परिणाम घोषित किया। जाजोद के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का प्रदर्शन इस परीक्षा में उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की छात्रा राधा शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि दिव्या कुमारी ने 88.17 प्रतिशत और प्रिया निठारवाल ने 83.17 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्या सुमन तोबढ़िया व विष्णु कुमार जोशी ने बताया कि दसवीं बोर्ड परीक्षा में कुल 22 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 11 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में और 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय स्टाफ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की चार छात्राओं का चयन गार्गी पुरस्कार के लिए किया गया है। विद्यालय के शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। ग्राम विद्या भारती मलिकपुर से हिमांशु वर्मा ने 89.33 प्रतिशत, देवांश मावलिया ने 81.50 प्रतिशत और हिमांशु यादव ने 77.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। टीपीएस स्कूल गोविंदपुरा में 5 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में और 1 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ।

# मण्डावा में प्रतिभावान बेटियों का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नानीबाई जैपुरिया राजकीय उमावि मण्डावा में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभावान बेटियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्या उर्मिला पूनिया ने बताया कि कक्षा दस में कुल 40 विद्यार्थियों में से 22 प्रथम तथा 17 द्वितीय स्थान पर रही । अधिकतम 89,33 फीसदी तथा पांच बालिकाओं के 80 प्रतिशत से अधिक अंक आए है। उल्लेखनीय है कि आयोजित कार्यक्रम में छात्रा प्रिंयका जांगिड़ वंशिका, किंजाल, ऋतु गोरी सहित अनेक प्रतिभावान बेटियों को माला पहना, मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या उर्मिला ने की। इस अवसर पर उप प्राचार्या अरूणा अरडावतिया, ललिता चौधरी, मन्जू जाखड़ कमला व सुप्यार कंवर ,हेमन्त कंवर, कमला चौधरी, सरोज, चेतना, सोनिया, आमिना, सलमा, सुनीता, सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# 98 प्रतिशत अंक हासिल करने पर नेहा बिनवानी का स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। नया बास स्थित दयानंद विद्या विहार स्कूल में अध्ययनरत बालिका नेहा बिनवानी ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए, जिस पर संस्था परिवार ने बिनवानी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक मनोज मित्तल, प्रिंसिपल सुनीता मित्तल, मीडिया मैनेजर तरीशी आदि ने माल्यार्पण कर, तिलकार्चन करके मिठाई खिलाकर नेहा बिनवानी का स्वागत किया। इस दौरान नेहा ने बताया कि वह आगे चलकर चिकित्सक बनेगी और मानवता की सेवा करेगी। इस अवसर पर दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले महक गोठड़िया, कृतिका सोनी, काशवी शर्मा, अभिषेक मीणा, आरूषि जाखड़, आदि का भी अभनंदन किया गया। प्रिंसिपल सुनीता मितल ने परीक्षा परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए नेहा को बधाई दी और बताया कि कक्षा आठ और पांच में समस्त बच्चे ए ग्रेड के साथ पास हुए हैं। कार्यक्रम में नेहा के भाई नीरज और बहन कृतिका भी मौजूद रहे। इस दौरान संस्था के कविता, संतोष, दीपिका, सपना, सीमा, प्रतिभा, इशिका, पूजा, राधा, अनस, इरफान, कमल, नूता आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कक्षा आठ व पांच के विद्यार्थियों का भी स्वागत किया गया।

# पिता के दागदार अतीत को भूलकर चंद्रिका विश्नोई ने दसवीं बोर्ड में लिखी उज्जवल भविष्य की नई इबारत

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 10 वीं के नतीजों ने इस बार सफलता की एक ऐसी कहानी लिखी है, जो समाज के लिए किसी सबक से कम नहीं है। जालोर जिले के चितलवाना उपखंड की एक बेटी ने साबित कर दिया है कि भले ही पिता-चाचा से परिवार में उसे 'बदनामी' मिली हो, लेकिन अपनी मेहनत से वह अपना भविष्य खुद लिख सकती है। यह कहानी है चंद्रिका विश्नोई की, जिसने बोर्ड परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे प्रदेश को चौंका दिया है।



चंद्रिका की यह सफलता इसलिए खास है क्योंकि उसके पिता गोपाल सारण जेल गए थे। गोपाल सारण विश्नोई, जो कभी राजस्थान पुलिस में सब- इंस्पेक्टर थे, उन पर पेपर लीक माफिया व भाई भूपेंद्र सारण के साथ मिलकर भर्ती परीक्षाओं में धांधली करने का आरोप है। वर्ष 2024 में एसओजी ने उन्हें अभ्यर्थियों को पेपर पढ़वाने के जुर्म में गिरफ्तार किया था। इससे पहले, वर्ष 2020 में पाली जिले में पदस्थापित रहते हुए उन पर 'क्रूड ऑयल चोरी' के भी आरोप लगे थे, जिसके बाद उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था।

## दागदार अतीत और उज्ज्वल भविष्यः

जहां एक ओर पिता के कारनामों से परिवार पर बदनामी का साया था, वहीं चंद्रिका ने घर की बंद चारदीवारी में अपनी किताबों को ही दुनिया बना लिया। सिवाड़ा के सनराइज पब्लिक स्कूल की इस छात्रा ने न केवल पढ़ाई में झंडे गाड़े, बल्कि वह एक बेहतरीन वक्ता और कवयित्री भी है। चंद्रिका ने 'छू ले नभ वो अब' नाम से एक कविता संग्रह भी लिखा है, जो ऑनलाइन उपलब्ध है।

## दादा का मार्गदर्शन और वैज्ञानिक बनने का सपना

चंद्रिका के दादा पाबूराम विश्नोई अपनी पोती की सफलता पर भावुक हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे बेटे (भूपेंद्र और गोपाल) भी बहुत प्रतिभाशाली थे, लेकिन गलत संगत ने उन्हें भटका दिया और परिवार पर दाग लगा दिया। मैंने तय किया था कि पोती के साथ ऐसा नहीं होने दूंगा। उसे सही मार्गदर्शन दिया और आज उसने हमारा सिर फख्र से ऊंचा कर दिया है।'

## वैज्ञानिक बनना चाहती है चंद्रिकाः

चंद्रिका अब वैज्ञानिक बनना चाहती है। स्कूल के प्रिंसिपल रामनिवास मूढ़ के अनुसार, चंद्रिका की प्रतिभा असाधारण है और उसने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद जिस तरह का धैर्य दिखाया, वह काबिले तारीफ है। यह खबर केवल एक छात्रा के नंबरों की नहीं है, बल्कि एक बेटी के उस संकल्प की है जिसने अपने पिता की ओर से समाज को दिए गए जख्मों पर अपनी मेहनत का मरहम लगाया है। जालोर के छोटे से गांव 'परावा' से निकली यह गूंज आज पूरे राजस्थान में सुनाई दे रही है कि 'अपराध पिता का हो सकता है, लेकिन भविष्य बेटी का है।

# बोर्ड परीक्षा में आदर्श ग्रुप ने लहराया परचम, टॉपर का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर की श्री आदर्श क्रिएटिव स्कूल व श्री भारतीय आदर्श विधापीठ स्कूल के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर की ओर से घोषित माध्यमिक परीक्षा परिणाम में 95' से अधिक 09, 90' से अधिक 21, 80' से अधिक 52 विधार्थियो ने अंक प्राप्त किये। विद्यालय के विधार्थियों ने 96.83 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कीर्तिमान बनाया है। जिसमें स्कूल के विधार्थियों में 96.83 राजवीर भाकर पुत्र शंकर लाल भाकर, 96.83 लीना पारीक पुत्री हनुमान प्रसाद पारीक, 96.33 प्रतिभा पुत्री चेतराम उपाध्याय, 96.33 खुशी सोनी पुत्री कैलाश सोनी, 95.83 खुशी पारीक पुत्री नन्दलाल पारीक, 95.83 विपुल शर्मा पुत्र सुरेंद्र शर्मा, 95.50 राधिका पारीक पुत्री रमेश कुमार पारीक, 95.33 मोनिका पारीक पुत्री सोहनलाल पारीक, 95.00 अर्णव शर्मा पुत्र राजेश कुमार शर्मा, 94.50 प्रिया राजपुरोहित पुत्री मोहन सिंह, 94.33 अनमोल पारीक पुत्र जयकिशन पारीक, 94.00 माही भार्गव पुत्री अनिल कुमार, 93.17 हर्षित सैनी पुत्र मंगलचंद सैनी, 92.67 देव जांगिड़ पुत्र मनोज कुमार, 92.17 लूनदास पुत्र भगवानदास, 91.83, कृष्ण कुमार शर्मा पुत्र कपिल देव गौड़, 91.83 प्रशांत स्वामी पुत्र मोहन लाल स्वामी, 91.50 गंगा जोशी पुत्री ब्रह्मानंद, 91.50 गोविन्द गौड़ पुत्र श्याम सुन्दर, 91.50 पूजा माली पुत्री लालचंद माली, 90.67 प्राची छाबड़ा पुत्री अरुण कुमार ने अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को साफा व माला पहनाकर ग़ुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त करते हुए सम्मानित किया। भारी संख्या में समारोह में मौजूद लोगों ने विद्यार्थियों व विद्यालय परिवार को बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राधेश्याम बढ़ाढरा ने बताया कि यह एक अनूठी उपलब्धि है। सचिव राधा लाटा ने आदर्श प्रतिभाओं को इस स्वर्णिम सफलता पर बधाई देते हुए आदर्श टेस्ट सीरीज, आदर्श महासंग्राम, स्टॉफ की कड़ी मेहनत, अभिभावकों का विद्यालय प्रशासन के प्रति सकारात्मक सहयोग तथा विद्यार्थियों के नियमित अध्ययन को इस सफलता का श्रेय दिया। समारोह में उपस्थित अभिभावकों ने आदर्श को शहर का गौरव बताया। अनेक विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अभिमन्यु लाटा, डॉ मनीषा वर्मा, प्रमोद कुमार पांडिया, सुशील गोस्वामी, शिवरतन पारीक, राधा सारस्वत, हेमलता महर्षि व सभी आदर्श टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा शर्मा ने किया।

# साक्षी के 98.33 प्रतिशत अंक, राजस्थान पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं (निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित राजस्थान पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर की ओर से घोषित माध्यमिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल टॉपर साक्षी पुत्री मुकेश कुमार ने 98.33 प्रतिशत व आकांशा कुमारी, अंकुश मीणा, चेतना, खुशी, निखिल, साहिल, खुशी, मुस्कान, दिव्या शर्मा को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रागंण में तिलकार्चन एवं माल्यार्पण कर अभिभावक के साथ मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने ने ऐसे ही उत्कृष्ठ परिणाम देकर अपना, अपने परिवार व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि संस्था का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मेधावी साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार, गुरूजन, माता-पिता को देते हुए कहा कि मेरी उपलब्धि गुरूजनों का आशीर्वाद है। साक्षी भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाकर देश की सेवा करना चाहती है। सहायक अभियन्ता ज्योति ढूकिया व प्रधानाचार्य शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रांगण डीजे बजाकर एक-दूसरे को गुलाल - अबीर लगाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई। सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुकेश कुमार, सीताराम, सम्पत, ललीता, सुनिल, शेर सिंह, खुशवंत, आर्यन, हर्षिता, कंचन सहित अभिभावक मौजूद रहे। प्राचार्या निधि सिहाग, आदित्य ढूकिया, राकेश झाझड़िया, मंगलाराम जांगिड, सुधीर शर्मा, योगेन्द्र बसेरा, पवन कुमार, सुभाष सैन, दिनेश कुमार, सुनील मील, हीरा सिंह, मनीष सैनी सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी स्कूल की लड़कियों ने फिर मारी बाजी





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर (राजस्थान) की ओर से घोषित कक्षा 10वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यालय के आठ विद्यार्थियो ने 95 प्रतिशत अंक से अधिक एवं 24 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय का नाम रोशन किया बल्कि अपने माता-पिता के मान-सम्मान व गौरव को भी बढ़ाया है। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रेमसिंह राठौड़ ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं के लिए आयोजित परीक्षा में विद्यालय के 82 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें से आठ विद्यार्थियो ने 95 प्रतिशत अंक से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें नव्या अग्रवाल-98.83', वर्तिका सिंह-96.83', मिताक्षरा बगड़िया-96.83', मिहिर खन्ना- 96.67', अक्षरा-95.83', कार्तिक सिंगोदिया-95.67', मिलिंद गोयनका-95.67' एवं मृदुल - 95.50' शामिल है। वहीं 24 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के 41 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, वहीं सभी 82 छात्र-छात्रा प्रथम श्रेणी से उर्तीण हुए। उन्होंने बताया कि नव्या अग्रवाल-98.83' अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर प्रथम, वर्तिका सिंह एवं मिताक्षरा बगड़िया 96.83' अंक प्राप्त कर द्वितीय रहे, वहीं मिहिर खन्ना-96.67' अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान पर रहा।

# किड्स पैराडाइज शिक्षण संस्थान चूरू का परिणाम शत-प्रतिशत





जयपुर टाइम्स

चूरू(निस)। किड्स पैराडाइज शिक्षण संस्थान चूरू स्कूल का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। कुल 59 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से सभी विद्यार्थी सफल घोषित हुए और विद्यालय का परिणाम 100' रहा। विद्यालय की छात्रा भूमिका (पुत्री कन्हैया लाल, चूरू) ने 97.17' अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आयना चौहान(पुत्री जावेद, चूरू) ने 95.33' अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। रुखसार पुत्री असलम खान 95.17 तृतीय स्थान मन्नत पुत्री इकराम 94.50 चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष 85' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या 15 रही, जो विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमाण है।

# उच्च जोखिम वाले ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में होगा आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन : चिकित्सा मंत्री

**जयपुर(निस** विश्व टीबी दिवस के अवसर पर राज्य में 'टीबी मुक्त भारत अभियान-100 दिवसीय' का शुभारंभ सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के सभागार में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री ने कहा कि टीबी (क्षय रोग) केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से व्यक्ति एवं परिवार को प्रभावित करने वाली एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'टीबी मुक्त भारत' के संकल्प की दिशा में राजस्थान पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि राज्य ने वर्ष 2025 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 1 करोड़ 75 लाख से अधिक संभावित टीबी रोगियों की स्क्रीनिंग की है, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि राज्य में चिन्हित उच्च जोखिम वाले ग्रामों में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना एवं टीबी के मामलों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करना है। श्री खींवसर ने कहा कि यह 100 दिवसीय अभियान जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन का रूप लेगा तथा प्रत्येक मरीज तक समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जेपी नड्डा द्वारा नोएडा में किए गए शुभारंभ कार्यक्रम को ऑनलाइन वीसी के माध्यम से सभी उपस्थित अधिकारियों और जन समुदाय के साथ सुना और टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किट का वितरण भी किया।

# नोबल पब्लिक स्कूल देवलावास ने 10वीं बोर्ड में फिर लहराया परचम

जयपुर टाइम्स




**बुहाना(निस)।** नोबल पब्लिक स्कूल, देवलावास ने राजस्थान बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहरा दिया है। विद्यालय के छात्र प्रशांत कुमार निवासी कुशलपुरा ने उत्कृष्ट मेहनत का परिणाम देते हुए 98.50 प्रतिशत अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि से न केवल स्कूल परिसर, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया है। प्रशांत कुमार की इस बड़ी सफलता पर परिवार, शिक्षकगण और ग्रामीणों में उत्साह का संचार है। वहीं अदिती मान ने 98, कोमल ने 97, लवेश ने 96.33, प्रिया ने 96.17, जतिन कुमार नेहरा ने 96, धसेश ने 95.67, आलोक शर्मा ने 95.17, आसमां बानो ने 95, प्रतिक्षा मान ने 95 फीसदी अंक हासिल किए। विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन ने न सिर्फ स्कूल का नाम ऊंचा किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. संदीप नेहरा ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित वातावरण और व्यक्तिगत ध्यान के कारण हमारे विद्यार्थी लगातार उत्कृष्ट परिणाम ला रहे हैं। यह सफलता समूची टीम की सामूहिक मेहनत का नतीजा है। इस मौके पर स्कूल स्टाफ, अभिभावकों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशांत कुमार समेत सभी मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# मंत्री आवास के पास कचरे का अंबार, चार माह में बदहाल नव-निर्मित उद्यान

## खेरली मेले को लेकर बैठक, अशोक कटारा बने मेला अध्यक्ष



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखण्ड राजाखेड़ा के गांव खेरली ग्राम पंचायत में मंगलवार को आगामी पारंपरिक मेले के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम के जनप्रतिनिधियों और लोगों की उपस्थिति रही, जिसमें सर्वसम्मति से मेले की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि ग्राम में 4 और 5 तारीख को वार्षिक मेला आयोजित किया जाएगा। आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं। इस अवसर पर अशोक कटारा को सर्वसम्मति से मेला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में सरपंच दिलीप सिंह कुशवाह, पंच कल्ला राणा, बसंत कटारा, सुरेश डीलर (पहाड़िया/भप्पे), होतम कुशवाह, बबलू कटारा, मुकेश कुशवाह, प्रेमा बाबा, सुनील कटारा, महेश कटारा, बहादुर मासहाब, अजमेर सिंह कुशवाह, कंचना सिंह कुशवाह, कल्ला ड्राइवर, सूखा कुशवाह, कुमेर सिंह प्रधान और सचिन कटारा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

## दिव्यांग नर्सिंग ऑफिसर ने पीएमओ पर लगाए अपमानजनक व्यवहार के आरोप

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला चिकित्सालय धौलपुर में कार्यरत एक दिव्यांग नर्सिंग ऑफिसर ने अपने ही संस्थान के पीएमओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। नर्सिंग ऑफिसर प्रहलाद सिंह, जो 45 प्रतिशत शारीरिक दिव्यांगता से ग्रस्त हैं, ने शिकायत में आरोप लगाया कि पीएमओ डॉ. समरवीर सिंह की ओर से उनके साथ भेदभावपूर्ण व अपमानजनक व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें आपत्तिजनक शब्दों से संबोधित किया जाता है, जिससे उनकी गरिमा को ठेस पहुंचती है। शिकायत के अनुसार उनकी ड्यूटी बिना उचित कारण बार-बार बदली जा रही है। हाल ही में जारी आदेशों के तहत उन्हें अस्पताल की ऊपरी मंजिलों पर तैनात किया गया, जहां पहुंचना उनकी शारीरिक स्थिति के कारण कठिन है। साथ ही सर्वाइकल बीमारी के बावजूद उनकी स्वास्थ्य स्थिति की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया गया है। प्रहलाद सिंह ने इसे दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का उल्लंघन बताते हुए कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपनी स्थिति के अनुरूप भूतल पर ड्यूटी लगाने और भविष्य में उत्पीड़न से सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग रखी है। मामले को लेकर चिकित्सा विभाग में चर्चाओं का दौर है, वहीं प्रशासनिक स्तर पर जांच की संभावना जताई जा रही है।



## छठ मईया के लक्खी मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** कस्बे के वार्ड नंबर 2 स्थित नया गांव व अंबरपुर के बीच बने छठ मईया के पावन धाम पर सोमवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी के अवसर पर भव्य लक्खी मेले का आयोजन हुआ। मेले में हजारों श्रद्धालु पहुंचे और माता के चरणों में माथा टेककर मनोकामनाएं मांगी। मेले में राजस्थान के साथ-साथ उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने पीतल के घंटे, नेजे, ध्वजा, नारियल और गंगाजल अर्पित किया। कांवड़ियों द्वारा लाया गया पवित्र गंगाजल माता को समर्पित किया गया। मेले के दौरान जगह-जगह अन्नकूट, चना-हलवा प्रसाद वितरण और जलसेवा के आयोजन हुए। श्रद्धालुओं ने दुकानों से खरीदारी कर मेले का आनंद लिया। स्थानीय मान्यता के अनुसार माता के दर्शन करने वाले भक्त हर वर्ष यहां पूजा-अर्चना के लिए पुनः आते हैं और उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## झाड़-फूंक से बचें, 1 घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाना जरूरी

### चिकित्सा विभाग की एडवाइजरी जारी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में सर्पदंश की संभावित घटनाओं को देखते हुए चिकित्सा विभाग ने अलर्ट जारी कर आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय पर उचित उपचार मिलने पर अधिकांश मामलों में पीड़ित की जान बचाई जा सकती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने बताया कि सांप प्रायः खेतों या छोटे जीवों की तलाश में निकलते हैं और इसी दौरान मनुष्यों के संपर्क में आने से सर्पदंश की घटनाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि सर्पदंश के बाद शुरुआती 30 मिनट से 1 घंटा बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान पीड़ित को तुरंत अस्पताल पहुंचाना जीवनरक्षक साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या अंधविश्वासों में समय न गंवाएं और तुरंत नजदीकी पीएचसी, सीएचसी, उप जिला या जिला अस्पताल ले जाएं। चिकित्सा विभाग के अनुसार जिले के सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, जिससे प्रभावी उपचार संभव है। विशेषज्ञों ने चेताया कि विष शरीर में फैलने पर पक्षाघात जैसी गंभीर स्थिति बन सकती है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही जानलेवा हो सकती है। विभाग ने आमजन से जारी एडवाइजरी का पालन करने और सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि सर्पदंश जैसी घटनाओं में समय रहते जीवन बचाया जा सके।

### स्वच्छता दावों की खुली पोल, गौवंश प्लास्टिक में ढूंढ रहा भोजन

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर में स्वच्छता को लेकर किए जा रहे दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। नगर पालिका सुमेरपुर की सफाई व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। कोलीवाड़ा रोड स्थित वार्ड संख्या 27 में आपेश्वर हनुमानजी मंदिर और हाल ही में बने आपेश्वर उद्यान के आसपास कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे क्षेत्र में गंदगी और बदबू का माहौल बना हुआ है। स्थिति यह है कि यहां खुले में पड़े कचरे में गौवंश भोजन तलाशने को मजबूर है। प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट के बीच घूमते पशुओं का दृश्य न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह सफाई व्यवस्था की गंभीर लापरवाही को भी उजागर करता है।






### चार माह में ही बदहालीः

जानकारी के अनुसार, करोड़ों की लागत से निर्मित इस उद्यान का उद्घाटन कुछ माह पूर्व ही किया गया था। लेकिन महज चार माह के भीतर ही यह स्थान बदहाल हो चुका है। उद्यान के आसपास नियमित सफाई नहीं होने से कचरे का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। प्रशासन की सुस्ती के चलते उद्यान बना कचरा संग्रहण पॉइंट।

### *मंत्री आवास के समीप बिगड़ी व्यवस्थाः*

*गौरतलब है कि यह क्षेत्र राज्य सरकार के एक कैबिनेट मंत्री के निवास से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। इसके बावजूद सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं होना स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।*

### स्वच्छता अभियान पर सवालः

एक ओर स्वच्छता को लेकर विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर के प्रमुख स्थानों पर इस तरह की स्थिति सामने आना इन प्रयासों की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। नगर पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते उद्यान गंदगी के भेट चढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ है। नियमित कचरा उठाव नहीं होने से हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। लोगों ने जल्द ही सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

### स्वास्थ्य पर खतरा

विशेषज्ञों के अनुसार, खुले में पड़ा कचरा बीमारियों को आमंत्रित करता है। यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र में जनस्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं।

### कार्रवाई की अपेक्षा

अब क्षेत्रवासियों की नजरें नगर पालिका प्रशासन पर टिकी हैं कि वह इस समस्या का समाधान कब तक करता है। समय रहते सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो यह स्थिति और गंभीर रूप ले सकती है।

## राजस्थान दिवस की गूंज अब महाराष्ट्र तक, ठाणे में सजेगा 'राजस्थान महोत्सव'

### 30 मार्च को लोक संस्कृति का भव्य प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/ठाणे।** राजस्थान दिवस की गूंज अब प्रदेश की सीमाओं से निकलकर महाराष्ट्र तक पहुंच रही है। 30 मार्च को ठाणे में भव्य 'राजस्थान महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा, जहां राजस्थानी संस्कृति, परंपरा और लोक रंगों का जीवंत संगम देखने को मिलेगा। इस आयोजन को लेकर प्रवासी राजस्थानियों में खासा उत्साह है। राजस्थान विकास मंच के उपाध्यक्ष सोहनलाल कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन ठाणे स्थित वेदांत मैदान (खुला रंगमंच) पर शाम 5 बजे से रात्रि 11 बजे तक किया जाएगा। महोत्सव में लोक कलाकारों की ओर से पारंपरिक नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो राजस्थान की समृद्ध विरासत को जीवंत कर देंगी। आयोजन स्थल को विशेष रूप से राजस्थानी थीम पर सजाया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण मरुधरा की संस्कृति से सराबोर नजर आएगा। कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं आमजन के लिए चाय-नाश्ता और शुद्ध भोजन की व्यवस्था भी की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बन सकें। कुमावत ने बताया कि यह आयोजन कपूर रामावत (संयोजक व संस्थापक) के नेतृत्व में राजस्थान विकास मंच के बैनर तले किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य राजस्थान की लोक संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ समाज में भाईचारा, एकता और सांस्कृतिक जुड़ाव को मजबूत करना है। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है। मंच पदाधिकारियों ने सभी समाज बंधुओं व क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।यह महोत्सव न केवल राजस्थान की संस्कृति का उत्सव होगा, बल्कि प्रवासी समाज के गौरव और एकजुटता का भी प्रतीक बनेगा।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में ईआर प्रोजेक्ट के संवेदक की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य सुचारू रखने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला जल व स्वच्छता मिशन की 45वीं बैठक जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ओटीएमपी व नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट की समीक्षा कर नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चौधरी को लक्ष्यानुसार अधिकतम मासिक नल कनेक्शन जोड़ने तथा पीएचईडी परियोजना के अधिशासी अभियंताओं व सहायक अभियंताओं को एक माह का विशेष अभियान चला कर अवैध नल कनेक्शन विच्छेद करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल महोत्सव-2026 के तहत जिले में विश्व प्लम्बर दिवस तथा आईईसी गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। बैठक में जिला कलक्टर ने नर्मदा के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को एफआर व ईआर प्रोजेक्ट के पाईपलाईन संबंधित बकाया कार्यो को शीघ्र पूरा करने के लिए संवेदकों ने टीमें बढ़ाने की बात कही। उन्होंने ईआर प्रोजेक्ट के संवेदक की प्रगति की समीक्षा करते हुए संवेदकों को कार्य सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष रही ग्राम पंचायतों से नल जल मित्रों के प्रशिक्षण के अभ्यर्थियों की प्रस्ताव सूची पीएचईडी को उपलब्ध कराने के लिए अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिदम्बरा परमार को निर्देशित किया। बैठक में डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव व पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने गत बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी देते हुए पीपीटी के माध्यम से जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी में प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिलें में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर, सीलूजैसला भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिलें के 793 गाँवों के घरों में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिए जाने प्रस्तावित है इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,57,203 तथा ओटीएमपी योजनाओं अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोड़े जा चुके हैं। बैठक में भूजल विभाग से गणपतलाल, अधिशासी अभियंता पीएचईडी खण्ड जालोर बीएन शर्मा अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड भीनमाल बलवीर सैनी, अधिशासी अभियंता एवं त.स. परियोजना दिलीप गोपलानी, अधिशासी अभियंता परियोजना सांचैर भूरसिंह मीणा, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड जालोर धर्मचंन्द सोनी, महिला व बाल विकास के उप निदेशक अशोक विश्नोई, सहायक अभियंता दिगम्बर सिंह, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, टीपीआई जेजेएम से बी.एस.यादव सहित पीएचईडी परियोजना के संवेदक उपस्थित रहे।

## गुहराज निषाद महाराज जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

### झांकियों ने मोहा मन, केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद ने युवाओं को शिक्षा व समाज सुधार का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** श्रीरामसखा गुहराज निषाद महाराज की जयंती के अवसर पर धौलपुर में वीर एकलव्य निषाद कश्यप सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार रात भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 'जय श्रीराम' और 'निषादराज महाराज' के गगनभेदी नारों से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद रहे। विशिष्ट अतिथियों में नीलम कश्यप (उपभोक्ता न्यायाधीश, कैथल), नीरज कश्यप, राजाराम कश्यप, संत गोपालानंद गिरी, हेमलता कश्यप, अवधेशानंद साहनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शोभायात्रा महात्मा नंद की बगीची (पुराना शहर) से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों—टाउन चौकी, कोतवाली, हरदेव नगर, सराय लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, नृसिंह रोड, तोप तिराहा होते हुए धुलकोट स्थित श्री महामाया मंदिर पहुंची, जहां आरती के साथ समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे तथा समाज व सर्व समाज के लोगों द्वारा साफा-माला पहनाकर स्वागत किया गया। जगह-जगह भंडारे व शरबत की व्यवस्था भी की गई। शोभायात्रा में महिलाएं व पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान भोलेनाथ के गणों की आकर्षक झांकियों और हैरतअंगेज प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। कलाकारों के प्रदर्शन को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। धुलकोट स्थित महामाया मंदिर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद ने युवाओं से शिक्षा पर विशेष ध्यान देने, कुरीतियों को त्यागने और समाज को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने महिला शिक्षा, मत्स्य पालन योजनाओं का लाभ उठाने और राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। कार्यक्रम के संयोजक राकेश कश्यप ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार जताया।

## धौलपुर में 72 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त, जनभागीदारी बनी ताकत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला क्षय रोग निवारण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा ने कहा कि 'टीबी हारेगा, देश जीतेगा' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामुदायिक भागीदारी बेहद जरूरी है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि टीबी मरीजों के उपचार में हरसंभव सहयोग करें, ताकि टीबी मुक्त भारत का सपना जल्द साकार हो सके। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 24 मार्च को विश्व टीबी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम 'हाँ! हम टीबी का अंत कर सकते हैं! देशों के नेतृत्व में, जनता की शक्ति से।' रखी गई है, जो जनसहभागिता और सामूहिक प्रयासों की महत्ता को दर्शाती है। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने कहा कि जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक 72 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है, जो जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक सहयोग से टीबी उन्मूलन को गति देना है। उन्होंने सक्षम नागरिकों से निक्षय मित्र बनकर मरीजों को पोषण एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की अपील की। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह मीणा ने बताया कि टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान निरंतर जारी है और शेष ग्राम पंचायतों को भी जल्द इस श्रेणी में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए मरीजों की समय पर जांच, प्रभावी उपचार और जागरूकता गतिविधियों पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इस अवसर पर सामाजिक सहयोग की मिसाल पेश करते हुए रामप्रसाद अग्रवाल की ओर से निक्षय पोषण योजना के तहत 40 फूड बास्केट वितरित किए गए। वहीं जिले में कुल 101 फूड बास्केट मरीजों को उपलब्ध कराए गए, जिससे उनके पोषण स्तर में सुधार लाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें टीबी मुक्त भारत के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर उप मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, जिला प्रजनन व शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा, डीपीसी टीबी प्रेम सैनी सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## शिक्षक भावी पीढ़ी के निर्माता हैं और समाज व देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राजस्थान पंचायती राज व माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से सोना हवेली में भारतीय नववर्ष (विक्रम संवत 2083) स्नेह मिलन व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन संघ के पूर्व प्रदेश महामंत्री व अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा ने किया। समारोह में मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक रौनक जी भाई साहब ने भारतीय नववर्ष के सांस्कृतिक व वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ते हैं और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने कहा कि शिक्षक भावी पीढ़ी के निर्माता हैं और समाज व देश के विकास में उनका योगदान अतुलनीय है। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह अवाना ने शिक्षकों को ज्ञान का दीपक बताते हुए उनके योगदान को सराहा। पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताते हुए उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए इसे सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बताया। भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह व प्रो. विक्रम सिंह गुर्जर ने शिक्षकों को समाज का मेरुदंड बताते हुए सम्मान करने की बात कही।

समारोह में पूर्व मंत्री जोगेंद्र सिंह अवाना, पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाह, प्रो. विक्रम सिंह गुर्जर, कांग्रेस नेता संजय नागर, भाजपा नेता बच्चू सिंह गुर्जर सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों व शिक्षक- शिक्षिकाओं का स्वागत राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, सभाध्यक्ष अलिंद चौहान, जिलामंत्री चंद्रशेखर शर्मा, महिला संयोजिका प्रियंका चौधरी, सपना, उपाध्यक्ष केदार सिंह बघेल, अवधेश सारस्वत, रजनीकांत शर्मा, मनोज मीणा, दिनेश शर्मा, भानु प्रताप परमार, कुंज बिहारी शर्मा, आमोद श्रीवास्तव, कुलदीप शर्मा, अनिल शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, भारत भूषण शुक्ला, रघुराज सिंह परमार, अमित शर्मा, इकबाल खान, हंसराम मीणा, वीरो कुमार गुर्जर, संजू कुमार परमार, मयंक पचौरी, दीपेश सिंघल, केशव देव शर्मा, सुनील कुमार, हरिओम शर्मा, गोपाल पाल, महेंद्र राठौर, दिनेश सोनी, राहुल शर्मा, भीकम प्रजापति, मोनू रजक व पवन मित्तल ने सनातनी परंपरा के अनुसार किया। इस अवसर पर बाड़ी के पूर्व प्रधान पूरनसिंह, भाजपा नेता राजाभैया, कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीराम गोस्वामी, जिला मंत्री रविंद्र सिंह त्यागी, नर्सेज एसोसिएशन जिलाध्यक्ष जगदीश मान, विकास त्यागी, ग्राम विकास अधिकारी संघ जिलाध्यक्ष श्रीभान सिंह गुर्जर, महामंत्री सुशील भारद्वाज, प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार तोमर, कृषि पर्यवेक्षक संघ जिलाध्यक्ष कौशलेंद्र वशिष्ठ, पटवार संघ जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुर्जर, यदुवीर सिंह पटवारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष हरीसिंह गुर्जर, कोषाध्यक्ष नंद किशोर लोधी एवं पूर्व प्रदेश मंत्री हरीसिंह (बाड़ी) को सेवानिवृत्ति व उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## एसपी ने तारानगर सर्किल के तीनों थानों का निरीक्षण किया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** चूरू पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने मंगलवार को तारानगर सर्किल के तारानगर, भालेरी व साहवा पुलिस थानों का निरीक्षण किया। तारानगर में थाना इंचार्ज आरपीएस स्वाती बुरी, भालेरी में सीआई मांगूराम व साहवा में शंकर भारी ने अपने अपने थाने का निरीक्षण करवाया। पुलिस जवानों ने एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। एसपी ने निरिक्षण के दौरान थाने के मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष, रिकॉर्ड रूम, मैस सहित जवानों के बैरिकों का जायजा लिया। एसपी ने जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को लेकर जानकारी ली, निर्देशित किया कि थाने में आने वाले हर फरियादी की शिकायत को सुन उसका समय पर निस्तारण किया जाए। एसपी ने मीडिया से रूबरू होते बताया कि क्षेत्र में कहीं पर भी घरेलू रसोई गैस की कोई किल्लत नहीं है। नियमानुसार हर घर में गैस के सिलेंडर पहुँचाए जा रहे है। झूठी अफवाहों से बचें, अगर कोई झूठी अफवाह फैलाएगा, उस पर कार्यवाही की जाएगी। इस मोके पर उनके साथ सादुलपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रिछपाल सिह, तारानगर उप पुलिस अधीक्षक रोहित सांखला आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश बार काउंसिल चुनाव के लिए किया जनसम्पर्क



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह राठौड़ महलाना ने सुजानगढ़ बार संघ के सदस्य अधिवक्ताओं से अपने समर्थन में वोट डालने के लिए अपील की। इस अवसर पर अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कठताला, पूर्व अध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठौड़, गंगाधर मूण्ड, बुद्धि प्रकाश प्रजापत, मधु चोबदार, कमल गोयतान, हेमेन्द्र सिंह राठौड़, मन्नालाल स्वामी, दशरथ सिंह, गजेंद्र सिंह भाटी, हरीश पांड्या, रणजीत भारी, राजाराम बोहरा मोहम्मद दयान खान, मोहम्मद सलीम खान, नरेश सिंवर, हनुमान प्रजापत, खुशबू मूंड सहित अनेक अधिवक्ताओं ने एडवोकेट देवेंद्र सिंह माला पहना कर स्वागत किया।

## अतिक्रमण से कॉलोनी की सड़क तंग, परेशान लोगों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** शहर के वार्ड संख्या 16 स्थित प्रेम नगर कॉलोनी, ईदगाह रोड के निवासियों ने मंगलवार को उपखंड अधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी में अतिक्रमण के कारण हो रही परेशानी से अवगत कराया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि नगर परिषद की ओर से निर्मित करीब 20 फीट चौड़ी सड़क पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से चबूतरे बना लिए हैं। इतना ही नहीं, इन चबूतरों पर शौचालय व बाथरूम तक बना दिए गए हैं, जिससे रास्ता संकरा होकर लगभग बाधित हो गया है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर गोबर और कचरे के ढेर लगाए जाने से हालात और गंभीर हो गए हैं। स्थिति यह है कि लोगों को पैदल निकलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाकर सड़क को पुनः सुचारू करने की मांग की है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजकुमार, भंवर सिंह, भारत, मनीष गुप्ता, योगेश, पूरन सहित कई कॉलोनीवासी मौजूद रहे।

## सदर थाना पुलिस का एक्शनः अवैध बजरी से भरा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### 20 लीटर शराब भी पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया है। पुलिस के अनुसार बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली चंबल नदी से अवैध बजरी भरकर ले जाया जा रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी महेश मीणा ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ भी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से 20 लीटर हथकढ़ शराब बरामद की है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में अवैध खनन और शराब तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## हुनर से रोजगार तकः मेले में युवाओं को मिली नौकरी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** हुनर शक्ति फाउंडेशन की ओर से 'हुनर से रोजगार तक' की अवधारणा को साकार करते हुए सवाई माधोपुर और बारां जिलों में व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में 300 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रोजगार के अवसर तलाशे।

# अजमेर क्षेत्र की रेल सुविधाओं को लेकर भागीरथ चौधरी की रेल मंत्री से मुलाकात

## रेल मंत्री ने दिया आश्वासन

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली/अजमेर।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा स्थानीय अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर अपने संसदीय क्षेत्र अजमेर सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबित महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं व जनहित से जुड़ी मांगों को पुनः प्रमुखता से रखा। इस दौरान चौधरी ने पूर्व में प्रेषित पत्रों का संदर्भ देते हुए निम्न प्रमुख मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया।



### अजमेर-सवाई माधोपुर नमो भारत इंटरसिटी ट्रेन संचालन :

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने अजमेर से सवाई माधोपुर के बीच सुबह 09:00 बजे नई इंटरसिटी ट्रेन शुरू करने की मांग दोहराई, जिससे आम यात्रियों को सीधी और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध हो सके। प्रस्तावित ठहरावों में किशनगढ़, फुलेरा, जयपुर, दुर्गापुरा, सांगानेर सहित अन्य प्रमुख स्टेशन शामिल हैं।

### अजमेर-कोटा वाया नसीराबाद, केकड़ी, देवली नवीन रेलमार्ग

करीब 165 किमी लंबे इस बहुप्रतीक्षित रेलमार्ग की स्वीकृति को शीघ्र मूर्त रूप देने की मांग करते हुए केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि यह परियोजना वर्षों से लंबित है। इसके निर्माण से अजमेर, टोंक, सवाई माधोपुर व कोटा क्षेत्र के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा तथा यात्रा दूरी और समय में उल्लेखनीय कमी आएगी

### मकराना-परबतसर रेलसेवा का किशनगढ़ तक विस्तार

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि इस रेलसेवा को किशनगढ़ तक बढ़ाने से मकराना, परबतसर, रूपनगढ़ सहित मार्बल व ग्रेनाइट उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा। साथ ही अजमेर-पुष्कर क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और बीकानेर से अजमेर की दूरी में कमी आएगी, जो सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

### महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की मांग़

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने हमसफर एक्सप्रेस, जयपुर - असारवा तथा जयपुर - उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेनों के विजयनगर (ब्यावर) व बांदनवाड़ा (अजमेर) स्टेशनों पर ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह किया, जिससे स्थानीय यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि ये सभी मांगें जनहित, क्षेत्रीय विकास, औद्योगिक प्रगति व पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। भागीरथ चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग से अजमेर संसदीय क्षेत्र को जल्द ही रेल सुविधाओं के रूप में महत्वपूर्ण सौगात मिलेगी, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

**जयपुर कलेक्टर की एक ओर अच्छी पहल**

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाया परिंडा

### जयपुर में 'परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ' अभियान की शुरुआत



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** भीषण गर्मी के मौसम में पक्षियों व छोटे जीवों को पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जयपुर में 'परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ' अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कलेक्ट्रेट परिसर में परिंडा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया तथा आमजन से भी इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। जिला कलक्टर डॉ. सोनी ने अपील की कि बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयासों से हम पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जीव-जंतुओं के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। प्रोजेक्ट डायरेक्टर रामवतार भारद्वाज ने बताया कि नव निर्माण व पर्यावरण केन्द्र, केशा का बास, करणसर की ओर से सामाजिक कल्याण गतिविधियों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत दस वर्षों की भांति इस वर्ष भी 'परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ' अभियान के तहत शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घरों, कार्यालयों, स्कूलों, सार्वजनिक स्थानों व पेड़ों पर पानी के बर्तन लगाए जाएंगे, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों एवं छोटे जानवरों को पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने आमजन, संस्थाओं व विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने आसपास परिंडे लगाकर नियमित रूप से उनमें पानी भरें, जिससे अधिक से अधिक पक्षियों को राहत मिल सके और पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर वि?नीता सिंह, मेघराज मीणा सहित अन्य अधिकारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर सोनी की पहल से कलेक्ट्रेट में नई सोचः अधिकारी बने वित्तीय रूप से सशक्त

### वित्तीय साक्षरता कार्यशाला में निवेश, बचत व भविष्य सुरक्षा के गुर सीखे





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की नवाचारपूर्ण सोच और सुशासन की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वित्तीय साक्षरता एवं वित्त प्रबंधन विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस पहल ने प्रशासनिक कार्यशैली में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक नई मिसाल पेश की है। कलेक्टर डॉ. सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य अधिकारियों व कर्मचारियों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाना रहा, ताकि वे न केवल अपने व्यक्तिगत आर्थिक निर्णय बेहतर ढंग से ले सकें, बल्कि आमजन को भी प्रभावी मार्गदर्शन दे सकें। उनकी दूरदर्शी सोच के चलते कलेक्ट्रेट में क्षमता विकास और सुशासन को लेकर लगातार नवाचार किए जा रहे हैं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता अतिरिक्त निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग रामपाल परसोया ने वित्तीय साक्षरता, बीमा और पेंशन योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं भारतीय स्टेट बैंक के टीम लीडर मनीष गुप्ता ने सुरक्षित निवेश, जोखिम प्रबंधन और दीर्घकालिक वित्तीय योजना के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ लेखाधिकारी आशीष नागर ने किया। कार्यशाला में अधिकारियों व कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर द्वितीय मेघराज मीणा, तृतीय संजय कुमार माथुर, चतुर्थ आशीष कुमार, एडीएम उत्तर मुकेश मूंड, एडीएम दक्षिण युगांतर शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद जयपुर, कोषाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल आयोजन के लिए कलक्टर डॉ. सोनी के नेतृत्व की सराहना की गई।

## विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ

### टीबी मुक्त अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारम्भ मंगलवार को हुआ। इसके साथ ही टीबी कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भामाशाह व कार्मिकां को सम्मानित किया गया। तारानगर के भामाशाह भगवती प्रसाद ने 20 एमडीआर मरीजों को दवाइयां भेंट की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण व जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा व जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश रहे। इस दौरान कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाह भगवती प्रसाद, तारानगर के पवन कुमार बंसल, राजलदेसर के धमेन्द्र चिंडालिया, लॉयन्स क्लब रतनगढ़ वेस्ट आदि को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि टी.बी. एक ऐसी बीमारी है, जिसकी समय पर पहचान हो जावे तथा नियमित उपचार लिया जाए तो रोगी पूर्णतः टी.बी. मुक्त हो सकता है। जिला कलक्टर, अभिषेक सुराणा ने बताया कि 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को जन आन्दोलन के रूप में लें व इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करें। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से चिन्हित 227 हाई रिस्क गावों में हेल्ड हैंड एक्स-रे मशीन से ज्यादा से ज्यादा एक्स-रे व बलगम की जांच कि जाए। कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने कार्यक्रम सम्मानित 4 भामाशाहों व 46 कार्मिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि जिले में 227 हाई रिस्क विलेज में टीबी स्क्रीनिंग व आईईसी गतिविधियां आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में डीपीसी मोहम्मद आसिफ व चिन्तन सिंह सहित अनेक कार्मिक मौजूद रहे।

## लाडनूं में आचार्य महाश्रमण को मायड़ भूमि गौरव रत्न समर्पित

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** धर्मनगरी लाडनूं स्थित जैन विश्व भारती परिसर में आयोजित भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम में सरदारशहर से पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने आचार्य महाश्रमण के पावन सानिध्य में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर समाज की प्रेरणास्रोत विजया देवी मालू के स्नेहमयी सानिध्य में आचार्य प्रवर को मायड़ भूमि गौरव रत्न समर्पित कर भावपूर्ण अभिनंदन किया गया। उनके गरिमामयी सानिध्य से कार्यक्रम को विशेष ऊंचाई मिली और श्रद्धालुओं में उत्साह का वातावरण बना रहा। प्रतिनिधिमंडल ने आचार्य श्री से सरदारशहर में चौमासा प्रवास करने की विनम्र व भावपूर्ण प्रार्थना की। जिसे समाज की सामूहिक आस्था और समर्पण का प्रतीक माना गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी अध्यक्ष राजेश बुच्चा, ट्रस्टी सिद्धार्थ चिंडालिया, कोषाध्यक्ष गुलाब नाहटा, मंत्री राजीव दूगड़, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष मोहित आंचलिया, उपाध्यक्ष धीरज दूगड़, कार्यकारिणी सदस्य धीरज छाजेड़, युवा शक्ति मंच अध्यक्ष अभिषेक पारीक, कमल कांत शर्मा उपस्थित रहे। इस दौरान अभिषेक पारीक की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने युवाओं को संगठित कर कार्यक्रम को ऊर्जावान और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में आचार्य महाश्रमण ने कहा कि शिष्य के जीवन में अहंकार का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। विनम्रता ही उसका वास्तविक आभूषण है। उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता बताते हुए संयम, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष शांति चंडालिया, अणुव्रत समिति अध्यक्ष सुमन भंसाली, सभा से राजीव दूगड़, पृथ्वी सिंह, उम्मेद सिंह, भरत गौड़, पवन महर्षि, शांतिलाल नाहटा, प्रभा पारीक, सुभाष चिंडालिया, विमल जम्मड़, मीनाक्षी सेठिया व स्नेहा आंचलिया सहित अनेक सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की। पूरे आयोजन के दौरान जय गुरु देव के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान रहा। यह आयोजन सरदारशहर की अटूट आस्था, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना का भव्य प्रतीक बनकर सामने आया है।

## जनसंवाद में पूनिया का मानवीय चेहराः सैकड़ों लोगों की सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने मंगलवार को जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुनकर संवेदनशील नेतृत्व का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपे, जिन पर पूनिया ने गंभीरता से संज्ञान लिया। डॉ. पूनिया ने प्रत्येक व्यक्ति से आत्मीयता और सहजता के साथ मुलाकात कर उनकी बात ध्यानपूर्वक सुनी। उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। उनका यह व्यवहार लोगों के बीच विश्वास और जुड़ाव का मजबूत संदेश देता नजर आया। जनसंवाद के दौरान पूनिया का फोकस केवल समस्याएं सुनने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने समाधान की प्रक्रिया को भी प्राथमिकता दी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने भी पूनिया के व्यवहार और तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के संवाद से आमजन को अपनी बात रखने का प्रभावी मंच मिलता है। पूनिया का यह जनसंपर्क कार्यक्रम न केवल संगठनात्मक मजबूती बल्कि जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस तरह के जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से डॉ. सतीश पूनिया लगातार जमीनी स्तर पर अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं, जो उन्हें एक जनप्रिय और संवेदनशील नेता के रूप में स्थापित करता है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
25 मार्च, 2026


## राजसी ठाठ से नगर भ्रमण को निकलेगी प्रभु श्री रामलला की सवारी

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में रामनवमी के पावन अवसर पर प्रभु श्री रामलला की सवारी राजसी ठाठ के साथ नगर भ्रमण को निकलेगी। जहां मार्ग में पुष्प बिछाकर भव्य स्वागत होगा। प्रभु श्री रामलला की सेवा में रघुनंदन पथक के वादक ढोल, ताशे, डमरू, शंख और झल्लरी वादन के साथ मन्त्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों के साथ संगीत वादन करेंगे। श्री रामजन्मोत्सव आयोजन समिति के यात्रा संयोजक राकेश इन्दोरिया ने बताया कि उदासर मठ के महंत दयानाथ जी महाराज और ऋषिकेश के बाल संत भोले बाबा के सानिध्य में कलश यात्रा, भगवान राम के जीवन चरित्र की विभिन्न आकर्षक झांकियां, मनमोहक नृत्य नाटिकाओं से सजी यह शोभायात्रा सभी को आनन्द देने वाली होगी। सरदारशहर और आस पास के क्षेत्रों के सभी धर्म प्रेमी नागरिकों से आयोजन समिति आह्वान करती है कि सभी अपने परिवारजनों के साथ भगवा साफा और शुभ्र वस्त्र धारण कर शोभायात्रा में सम्मिलित होकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करें। रामनवमी के पुण्य फलदायी दिवस पर प्रभु श्रीरामलला के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने के लिए सभी शहरवासी यात्रा मार्ग पर प्रभु की राजसी सवारी पर पुष्प वर्षा कर इस धार्मिक आयोजन में भागीदार बने।

## भाजपा का नुआ में प्रशिक्षण शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री पाली सती दादी गेस्ट हाउस में मंगलवार को आयोजित इस शिविर में पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और विचारधारा पर गहन मंथन किया गया। ?प्रशिक्षण शिविर के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, गौरवशाली इतिहास और विकास की यात्रा के विषय में संबोधित किया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य मंडल, जिला और प्रदेश स्तर के कार्यकर्ताओं को सुशासन के संकल्प और संगठनात्मक सिद्धांतों से जोड़कर और अधिक ऊर्जावान बनाना है। ?दो दिवसीय सत्रों में वैचारिक अधिष्ठान, कार्यपद्धति, केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां, सोशल मीडिया व ए.आई. का उपयोग, नमो एवं सरल ऐप और बूथ प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। निश्चित ही, ऐसा प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगा और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला उपाध्यक्ष महावीर ढाका के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में मण्डल अध्यक्ष इंद्राज ढाका, मण्डल महामंत्री बृजेश सेवदा ( सरपंच बहादुरवास ) व बजरंग पूनिया मीठवास, रामावतार लोयल, राजेंद्र पूनिया अनिल तिलोटिया राकेश रणवा ओमप्रकाश पूनिया , जयसिंह किलानिया, प्रवीण चौहान, प्रहलाद चौहान, जीवन हुडडा, दयानंद मील ,लेखराम पूनिया, सीताराम शर्मा से सहित भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## गंदे पानी की निकासी की मांग, ईओ को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** नगर पालिका में मंगलवार को कस्बे के वार्ड 17 के वार्डवासियों ने राजेन्द्र सनोदिया की अगुवाई में बाल भारती विद्या निकेतन के निकट आम रास्ते में फैले कीचड़ व गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर ईओ लोकेन्द्र सिंह शेखावत को ज्ञापन सौपा। इस दौरान मण्डावा जीएसएस के पूर्व अध्यक्ष नारायण कुमावत, श्रवण कुमार मोर्य, निलेश सनोदिया, प्रमोद कटारिया सहित सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## शिविर में 56 रोगियों की नेत्र जांच, 21 का ऑपरेशन के लिए चयन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय श्री राम मंदिर में लायंस क्लब चूरू की ओर से मंगलवार को मरहूम आमीन भिस्ती की स्मृति में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर लायन मोहम्मद अल्ताफ भिस्ती के आर्थिक सौजन्य से आयोजित किया गया। शंकरा हॉस्पिटल जयपुर की विशेषज्ञ टीम में डॉ. आशीष पांडेय ने शिविर में रोगियों की आंखों की जांच की। ओपीडी में कुल 56 रोगियों की जांच की गई, जिनमें से मोतियाबिंद से ग्रसित 21 रोगियों का ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस दौरान करण सिंह, राहुल चौधरी, अनुराधा और मनप्रीत ने अपनी सेवाएं दी। शिविर प्रभारी सुनील रंजन टकणेत ने बताया कि क्लब की ओर से समय-समय पर ऐसे शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों को नई रोशनी देने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। लायन्स क्लब अध्यक्ष राजीव शर्मा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। लायंस क्लब का हर सदस्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। भामाशाह मोहम्मद अल्ताफ़ भिस्ती ने बताया कि अपने पूर्वजों की याद में पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है। इस अवसर पर क्लब सचिव संजीव कुमार वर्मा, शैलेन्द्र माथुर, चन्द्रशेखर अग्रवाल, विनोद शर्मा, रामचंद राजोतिया, चंद्रप्रकाश खत्री, ताराचन्द प्रजापत, मुकुल सिगतिया, महेंद्र धानुका, महेंद्र राजगढ़िया, आबिद खान, रघुवीरसिंह गुरावा ने कार्यक्रम में सहयोगी भूमिका निभाई। शिविर के दौरान चयनित मरीजों को ऑपरेशन के लिये उचित परामर्श और दवाएं भी वितरित की गई।



# डांडिया नृत्य व गरबा में माता के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में चैत्र नवरात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रा महोत्सव के अवसर पर शहर भर के मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया गया है। इसी कड़ी में शहर के वार्ड 15 स्थित करणी माता मंदिर में नवरात्रा महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मंदिर परिसर डांडिया व गरबा नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में रात्रि के समय बड़ी संख्या में महिलाएं युवतियां और बालिकाएं माता रानी के भजनों पर डांडियों के साथ गरबा नृत्य करती हुई दिखाई दे रही है। इस अवसर पर मंदिर के निर्माता और कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी तेजकरण सिंघी ने बताया कि यह करणी माता का मंदिर चमत्कारी मंदिर है। यहां पर आसपास और दूर दराज के श्रद्धालु माता रानी से मन्नत मांगने के लिए आते हैं। नवरात्रा के अवसर पर माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है और उसी कड़ी में शहर भर की महिलाओं ने मिलकर यहां पर डांडिया व गरबा नृत्य का कार्यक्रम आयोजित किया जो धूमधाम के साथ चलता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में प्रतिदिन महिलाएं युवतियां व बच्चें गरबा करने के लिए आते है। इस अवसर पर डांडिया नृत्य कर रही खुशी भाटी ने बताया कि नवरात्रा महोत्सव पर गरबा नृत्य का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि मान्यता है कि राक्षसों के राजा महिषासुर को ब्रह्म देव से वरदान मिला था कि कोई भी पुरुष उसे कभी नहीं मार सकेगा। यह वरदान मिलने के बाद से ही महिषासुर ने तीनों लोक में तबाही मचा रखी थी। यहां तक कि देवता भी उसे हराने में असमर्थ थे। ऐसे में महिषासुर से आतंक से पीड़ित देवता गण मदद के लिए भगवान विष्णु के पास पहुंचे और इस विषय के समाधान पर चर्चा करने के बाद ब्रह्मा, विष्णु और महेश की शक्ति से मां दुर्गा का अवतरण हुआ। अपनी उत्पत्ति के बाद 9 दिनों तक लगातार युद्ध करने के बाद देवी दुर्गा ने राक्षस महिषासुर का वध कर उसके अत्याचारों को समाप्त किया। जिससे दुनियां की पूर्ण विनाश से रक्षा हुई। गरबा दुनिया में शांति लाने के लिए देवी की दृढ़ता और कड़ी मेहनत के लिए उन्हें धन्यवाद देने के लिए किया जाने वाला नृत्य है। इस अवसर पर डांडिया नृत्य करने आई महिला मनीषा सोनी ने कहा कि नवरात्रा में माता रानी की पूजा करने के साथ-साथ हम डांडिया और गरबा महोत्सव का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम 9 दिन तक इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

# टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** ब्लॉक कार्यालय में मंगलवार को विश्व क्षय रोग दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में कार्यवाहक बीसीएमओ डॉ. राजेश शर्मा, पीएमओ डॉ. अटल भास्कर, उपनियंत्रक डॉ. शीशराम, बीपीएम विकास तुनवाल, बीएचएस योगेश कुमार सैनी व रामचंद्र ढाका सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।बीपीएम विकास तुनवाल ने प्रदेश में क्षय रोग की स्थिति व सामुदायिक भागीदारी पर जानकारी दी। डॉ. शीशराम ने टीबी उन्मूलन के लिए फील्ड स्तर पर किए जाने वाले कार्यों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए तथा 14-15 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी टीकाकरण के प्रचार पर जोर दिया। पीएमओ डॉ. अटल भास्कर ने टीबी सैंपलिंग, जांच व अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। बीएचएस रामचंद्र ढाका ने क्षय रोग के लक्षण, उपचार व 100 दिवसीय अभियान के तहत होने वाली स्क्रीनिंग के बारे में बताया और सभी रिपोर्ट निक्षय पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए।अंत में टीबी मुक्त भारत अभियान की सामूहिक शपथ दिलाई गई तथा पोस्टर का विमोचन किया गया।आरबीएसके वाहनों के जरिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता प्रसार किया गया। इस दौरान सीएचओ, एएनएम व आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जीण माता मंगल पाठ में उमड़े भक्त, भजन- कीर्तन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 17 स्थित श्री प्रजापति - जीणमाता मन्दिर में मंगलवार को जीण भवानी मंगल पाठ का सामूहिक आयोजन किया गया। इस दौरान गायक कलाकार नरोतम चेजारा ने माता जीण के जीवन चरित्र पर आधारित मंगल पाठ का संगीतमय वाचन किया। इस दौरान नरोत्तम के संयोजन में हुए आयोजन में महिलाओं ने बीच-बीच में सुंदर भजनों की प्रस्तुतियां भी दी। जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। एक से बढ़ कर एक सुन्दर भजनों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ पण्डित जितेन्द्र इन्दोरिया ने माता के दरबार के सामने ज्योत लेकर किया गया। आखिर में माता की भव्य आरती हुई। आरती के बाद सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण भी किया गया। आयोजन में महिला मंडल के साथ ही श्री राम अमृतवाणी पाठ ग्रुप के सदस्य भी शामिल हुए। करीब तीन घंटे तक चले कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नजर आए।

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/4371 दिनांकः- 19,3,26

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है । बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.स. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डेंटल विभाग में इंस्ट्रुमेंट एवं कंज्युमेबल आईटम | 4.60 लाख | 30-03-26 | MHS 2526 GSOB 07627 |

DIPR/C/5955/2026

सदस्य सचिव ( RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग,

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास, 10 हजार रूपये का अर्थदंड

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के अपर जिला व सेशन न्यायधीश संतोष कुमार मीणा ने साहवा पुलिस थाने में दर्ज हत्या के एक पुराने मामले में भाड़ँग गाँव के हनुमानाराम पुत्र काशीराम को धारा 302 में दोषसिद्ध मानते हुए आजीवन कारावास के कठोर दण्ड से दंडित किया है और 10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से भी दंडित किया है। अर्थदण्ड राशि जमा नहीं करवाने पर आरोपी को 1 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। उक्त प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज कुमार स्वामी ने से पैरवी की।

## शादियों के लिए पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध कराने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सजानगढ़(नि.सं.)।** कांग्रेस नेता मोहम्मद इदरीश गौरी ने चूरू जिला कलक्टर को एक पत्र भेजकर शादियों वाले परिवारों को समय पर गैस सिलेंडर मुहैया करवाए जाने की मांग की है। पत्र में गौरी ने बताया है कि चूरू जिले में शादियों का सीजन चल रहा है। इस कारण सभी शादी विवाह के अवसर पर सम्बंधित परिवार को समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से उपभेक्ताओं को लाचारी महसूस होती है। इसलिए शादी से सम्बंधित परिवारों को शादी कार्ड के आधार पर पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध करवाए, ताकि वे परेशान न हों।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सावर पंचायत समिति सरदारशहर**

क्रमांक :- 141 दिनांक :-23.03.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में वितीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड़ कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN
PDN2526WSOB00401, PDN2526WSOB00402, PDN2526WSOB00403,
PDN2526WSOB00404, PDN2526WSOB00405, PDN2526WSOB00406

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सावर

प्रशासक
ग्राम पंचायत सावर

**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT DOONGA KI NANGAL P.S. PATAN (SIKAR)**

S.NO. : 324 DATE : 24-03-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for construction works undar Other Scheme are invited from intersted bidders upto 23-03-2026, 09:30 AM to 01-04-2026, 01:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the work is maximum RS. 499979/-

UBN No. PKP2526WSOB00403-407

PRASHASHAK
GP DOONGA KI NANGAL

VDO
GP DOONGA KI NANGAL

राजस्थान सरकार

**कार्यालय, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू**

E-mail- lohiacollegechuru@gmail.com, Ph. No. 01562-250362, Website- Icc.ac.in

क्रमांक- लोका/लेखा/2026/361 दिनांक : 16/03/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 03/2025-26**

राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू में COMMISSIONING OF ICT LAB आदि स्थापित करने हेतु इच्छुक निर्माता कम्पनी / डीलर / उक्त कार्य का अनुभव रखने वाली फर्मों से दिनांक 27.03.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा की विस्तृत शर्तें https// sppp. rajasthan. gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी और भरी जा सकती है। जिसकी निर्धारित लागत रूपये 20,00,000/- (अक्षरे रूपये बीस लाख मात्र) है ।

NIB No. ECD2526A0600
UBN No.. ECD2526GLOB00625

DIPR/C/5877/2026

प्राचार्य
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सरदारशहर**

क्रमांक : 4306-14 दिनांक : 18/03/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 23/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सरदारशहर खण्ड के अन्तर्गत वाहन किराये पर लेने एवं कम्प्यूटर जॉब कार्य हेतु कुल 02 कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी की फर्म से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A6218 के UBN No. निम्न प्रकार है :-

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2526SSOB25922 | 2 | PWD2526SSOB25923 |

DIPR/C/5914/2026

(राजेन्द्र कुमार सैनी)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सरदारशहर

राजस्थान सरकार

**कार्यालय, राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू**

E-mail- lohiacollegechuru@gmail.com, Ph. No. 01562-250362, Website- Icc.ac.in

क्रमांक- लोका/लेखा/2026/370 दिनांक : 17/03/2026

**ई-निविदा सूचना सं. 05/2025-26**

राजकीय महाविद्यालय, राजलदेसर (चूरू) (नोडल महाविद्यालय राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू) में COMMISSIONING OF SMART CLASS ROOM आदि स्थापित करने हेतु इच्छुक निर्माता कम्पनी / डीलर / उक्त कार्य का अनुभव रखने वाली फर्मों से दिनांक 28.03.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा की विस्तृत शर्तें https//sppp.rajasthan.gov.in और https//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी और भरी जा सकती है। जिसकी निर्धारित लागत रूपये 19,60,000/- (अक्षरे रूपये उन्नीस लाख साठ हजार मात्र) है।

NIB No. ECD2526A0632
UBN No.. ECD2526GLOB00658

DIPR/C/5878/2026

प्राचार्य
नोडल महाविद्यालय
राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू

राजस्थान सरकार

**कार्यालय प्राचार्य, स्वामी गोपालदास राजकीय कन्या महाविद्यालय, चूरू**

E-mail- girlscollegechuru@gmail.com, Ph. No. 01562-252261

क्रमांक :- राकम / स्था / 2026 / 1149-54 दिनांक :- 17/03/2026

**Notice Inviting Bid**

E-Bid for supply of smart class equipments and installation are invited from interested Bidders upto 27-03-2026 till 6:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http//eproc.rajasthan.gov.in, http// supp.raj.nic.in) of the state. The appro&imate value of the procurement is Rs. 19.60 Lacs.
UBN ECD2526GLOB00652
NIB No. ECD2526A0627

DIPR/C/5803/2026

प्राचार्य
स्वामी गोपालदास राजकीय
कन्या महाविद्यालय, चूरू

**Office of Executive Engineer WDSC,Churu**

S.No.802 Date- 17.3.2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 11/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 30.404 Lac are invited from interested bidders up to 17.03.2026, 10:00 AM to 27.03.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.rajasthan.gov.in Or http:// eproc.rajasthan.gov.in) of the state/ departmental website.
NIB Ref.No.ENIT_11_2025_26_XEN_CHURU
NIB Code - WSC2526A1929
UBN - WSC2526WSOBO3241

DIPR/C/5805/2026

अधिशाषी अभियंता
ज.ग्र.वि.एवं भू-संरक्षण विभाग
पंचायत समिति चूरू

**Office of Executive Engineer WDSC,Churu**

S.No.795 Date- 17.3.2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 10/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 36.577,are invited from interested bidders from 17.03.2026, 10:00 AM to 27.03.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (htp:// sppp.rajasthan.gov. in http:// eproc. rajasthan. gov.in) of the state/departmental website.
NIB Ref.No.ENIT_10_2025_26_XEN_CHURU
NIB Code - WSC2526A1926
UBN - WSC2526WSOBO3237

DIPR/C/5780/2026

अधिशाषी अभियंता
ज.ग्र.वि.एवं भू-संरक्षण विभाग
पंचायत समिति चूरू

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
25 मार्च, 2026

## चेक बाउंस मामले में परिवादी दोषमुक्त

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट व सिविल न्यायाधीश अजयदीप सिंह ने सोमवार को चेक अनादरण के मामले में तारानगर के निकटवर्ती गाँव झोथड़ा निवासी बलवान सिंह को दोषमुक्त कर बड़ी राहत दी है। आरोपी बलवानसिँह की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता योगेश चंद जैन ने बताया कि परिवादी झोथड़ा निवासी चंदनमल पुत्र रणजीत ने आरोपी बलवान सिंह के विरुद्ध 17 लाख रुपए के चैक अनादरण का परिवाद दायर किया था, बचाव पक्ष की ओर से लिखित बहस पेश कर परिवादी की वित्तीय हैसियत पर सवाल उठाते हुए तर्क दिया कि परिवादी से आरोपी ने कोई ऋण नहीं लिया परिवादी ने चैक का दुरुपयोग कर मामला पेश किया है अदालत ने पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज़ी साक्ष्य और गवाह के बयान का अवलोकन कर दोनों पक्षों को ध्यान से सुना। अदालत ने यह पाया कि परिवादी अपनी वित्तीय हैसियत व आय प्रमाणित नहीं कर पाया एवं वैध ऋण के अस्तित्व को साबित करने में असफल रहा है इसके अलावा, अदालत ने परिवादी की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य में भी कई विसंगतियां पाई जिस कारण प्रकरण को विश्वसनीय नहीं माना और आरोपी बलवान को दोषमुक्त कर दिया। आरोपी की ओर से पैरवी अधिवक्ता योगेश चंद जैन अंकित शर्मा व सूर्य प्रकाश व्यास ने की थी।

## कर्मयोगी सम्मान से नवाजे गए डॉ. प्रभाष नारनौलिया

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सीकर मुख्यालय पर आयोजित अभिनंदन समारोह में लक्ष्मणगढ़ के डॉ. प्रभाष नारनौलिया को 'कर्मयोगी सम्मान' से सम्मानित किया गया। उन्हें उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में रुद्रेश शर्मा, युगलेश, कृष्ण कुमार कौशिक ने डॉ. नारनौलिया का माल्यार्पण कर सम्मान पत्र व गिफ्ट हैंपर भेंट किया। डॉ. नारनौलिया को मिले इस सम्मान पर गोविंद सिंह डोटासरा, सुभाष महरिया, दिनेश जोशी, हरिराम रणवा व मधुसूदन भिंडा सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षाविदों व नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी।

## राष्ट्रीय पक्षी मयूर फोटो प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पर्यावरण संरक्षण व पारिस्थितिकी विकास के क्षेत्र में कार्यरत्त संस्था नेचर एनवायरनमेंट एंड वाइल्डलाइफ सोसाइटी की ओर से राष्ट्रीय पक्षी रक्षा अभियान के तहत छापर में आयोजित की गई ओपन राष्ट्रीय मयूर फोटो प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया है। सोसाइटी के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि संस्था के कार्यालय स्वामी गीगदास स्मृति भवन में आयोजित परिणाम घोषणा कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों के नामों की घोषणा जयपुर के पर्यावरणविद व साहित्यकार योगी हुकमसिंह तंवर ने की। योगी हुकमसिंह ने कहा कि पर्यावरण और पक्षी के बिना मानव सभ्यता का अस्तित्व नहीं है। हम सबको मिलकर इसके संरक्षण के लिए कार्य करना चाहिए। प्रतियोगिता में कुल 55 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग व महिला वर्ग के पांच-पांच प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रविष्टि के लिए चुना गया। पुरुष वर्ग में अशोक कुमार प्रजापत, जहूरदीन मनिहार, मंगतुराम सुथार, हिमांशु दाधीच व मनीष कुल्हरी तथा महिला वर्ग में मेघना सोनी, प्रेरणा स्वामी, दित्या सोनी, सुविधा जैन व प्रगति बोरायडा की प्रविष्टियां चुनी गई। संस्था के आगामी कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रविष्टियों के प्रतिभागियों को पारितोषिक व सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में राजस्थानी भाषा की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, गौरी शंकर भावुक, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रवन कुमार माली वन विभाग के सेवानिवृत अधिकारी प्रभुदान सामौर, राकेश सैनी, धनाराम प्रजापत, ओमप्रकाश गोस्वामी, रामगोपाल पारीक, दयानंद सैन, श्रेयस स्वामी आदि उपस्थित रहे।

## बैंक चोरी के आरोपी की दूसरी जमानत याचिका खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव शोभासर के राजस्थान ग्रामीण बैंक में गत 18 नवंबर 2025 को हुई चोरी के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र प्रताप भाटी ने आरोपी बिंटू की दूसरी जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एड. श्याम सुन्दर खंडेलवाल ने बताया कि शोभासर के राजस्थान ग्रामीण बैंक के मैनेजर कमलजोत सिंह की ओर से सालासर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि 18 नवंबर 2025 की रात्रि को चोरों ने बैंक के सेफ-रूम का ताला तोडकर और तिजोरी को कटर से काटकर करीब 2,01,610 रूपये चुरा लिए थे। वारदात के दौरान चोरों ने सीसीटीवी कैमरों और साइरन के तार भी काट दिए थे। प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपी बिन्टू उम्र 34 वर्ष निवासी जिला जिन्द (हरियाणा) को गिरफतार किया। जिसके बाद आरोपी ने अपने वकील के माध्यम से एडीजे के समक्ष दूसरी बार जमानत आवेदन पेश किया। जिस पर दोनो पक्षों को सुनने के पश्चात एडीजे महेन्द्र प्रताप भाटी ने आरोपी के दूसरे जमानत आवेदन को खारिज कर दिया।

## मुख्यमंत्री विकसित ग्राम/ शहरी वार्ड अभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यशाला

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** विकसित राजस्थान 2047 के विजन को लेकर मुख्यमंत्री विकसित ग्राम /शहरी वार्ड अभियान (19 मार्च से 15 में तक) के संबंध में ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, राजीविका कार्यकर्ता आदि का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपखंड अधिकारी मंडावा मुनेश कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत स्तरीय टीम की ओर से पोर्टल पर दिए गए सूचकांक को ग्राम सभा से प्राप्त सुझाव व संबंधित विभागों के अधिकारियों व हितधारकों से चर्चा बैठक उपरांत प्राप्त आंकड़ों/ सुझावों के अनुसार पोर्टल पर डाटा अपलोड किए जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत की डायनेमिक प्रोफाइल तैयार की जाएगी जिसके तहत ग्राम पंचायत क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों व बुनियादी सुविधाओं का आकलन किए जाने के लिए डेटाबेस निर्माण किया जाएगा। प्रशिक्षण में विकास अधिकारी सीताराम, सहायक विकास अधिकारी राकेश जानूं सहित समस्त प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## सावर में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम, वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स





**सरदारशहर(निस)।** भानीपुरा तहसील के सावर गांव में शहीद दिवस के अवसर पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सावर की सरपंच मोनिका कंवर ने की। मुख्य अतिथि संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनियां ने अपने संबोधन में देश और प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूंजीपतियों के हितों पर ध्यान दे रही है। जबकि मजदूर और किसान वर्ग की उपेक्षा हो रही है। विधायक पूनियां ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने वाला व्यक्ति ही समाज का सच्चा हीरा होता है। विशिष्ट अतिथि सीपीआईएम के तहसील सचिव रामकृष्ण छिम्पा ने किसानों के बीमा क्लेम का मुद्दा उठाया। उन्होंने बताया कि सावर गांव के किसानों ने 18 घंटे तक हाईवे जाम कर संघर्ष किया था। जिसके बाद क्षेत्र के किसानों को बीमा क्लेम मिलना शुरू हुआ। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के पूर्व उप प्रधान ताराचंद सारण ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भगत सिंह के सिद्धांतों का पालन कर आमजन जीवन में सफलता प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम में किरोड़ीमल कॉलेज दिल्ली के छात्रसंघ अध्यक्ष वीरेंद्र कस्वां, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन ईश्वर डूडी, पंचायत समिति सदस्य विनोद देवी और रामेश्वर लाल सिहाग सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर गांव की प्रतिभाशाली हस्तियों को अतिथियों ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरियासर की एक बेटी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। अंत में शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया।

## *राम वन गमन प्रसंग ने किया भावविभोर, संत सीताराम महाराज ने दिया प्रेम व त्याग का संदेश*

### टॉपर विद्यार्थियों का सम्मान, पूर्व मंत्री रिणवा ने की आरती

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** श्री ताल वाले बालाजी मंदिर में सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में चल रही रामकथा के छठे दिन संत सीताराम महाराज ने राम वन गमन, केवट प्रसंग एवं वन जीवन के मार्मिक प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। साथ ही कैकेयी-मंथरा संवाद और भरत के निष्कलंक प्रेम का वर्णन करते हुए पारिवारिक प्रेम बनाए रखने का संदेश दिया। मुख्य यजमान पं. नवीन हरितवाल के सान्निध्य में खटीक समाज, भार्गव नवयुवक मंडल (श्याम प्रेमी), जांगिड़ समाज, सांसी समाज, सैन समाज व विश्व हिंदू परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा व्यासपीठ का पूजन कर कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के दौरान गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के उत्कृष्ट परिणाम वाले छात्र-छात्राएं मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया। संत ने सभी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा भी कथा श्रवण हेतु पहुंचे और व्यासपीठ पर आरती की, जिनका संत ने स्वागत किया। इस दौरान मुरारीलाल पारीक ने संक्षिप्त रामायण पाठ किया। कार्यक्रम में राजकुमार महर्षि, अंबिका प्रसाद हरित, मणिराम पंवार, रामचंद्र दायमा, रतनलाल सांखला, ओमप्रकाश सांखला, विक्की भार्गव, कपिल भार्गव, गुलाब सांसी, संदीप सांसी, पूजा सांसी, विजय कुमार भाटी, श्याम भाटी, नरेंद्र जांगिड़, सुखराम जांगिड़, पवन महर्षि, भंवरलाल टेलर, महेंद्र शर्मा, मदन कौशिक, राजेंद्र प्रसाद चांदगोठिया, सत्यनारायण सेवदा, जगदेव सांखोलिया, अरविंद, कुसुम मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** कस्बे के वार्ड 2 स्थित गोगामेडी प्रांगण में मंगलवार को श्रीमद भागवत कथा समापन के बाद सर्वकल्याण की कामना के साथ आयोजित इस कथा के समापन पर हवन-यज्ञ और एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा का आयोजन पूरे भक्तिभाव के साथ किया गया, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन समारोह में आयोजित हवन-यज्ञ में आहुतियां दी गईं, जिससे वातावरण शुद्ध होने की मान्यता है। इसके बाद विशाल भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया। आचार्य श्री कृष्णकांत उपाध्याय ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह आत्मा को जन्म और मृत्यु के बंधन से मुक्त करने और भक्ति मार्ग से जुड़कर सत्कर्म करने की प्रेरणा देती है। मान्यता है कि हवन-यज्ञ से आत्मिक बल मिलता है और देवता प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान करते हैं। कथा के श्रवण से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं और विचारों में सकारात्मक बदलाव आता है। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजेश कुमावत, सुनीता कुमावत, रीना गुर्जर, सरोज यशोदा, संजू,अंजू, इंद्रा, ललिता, लक्ष्मी, मीनू जेजूसरिया, उषा, संतोष, मामराज कुमावत, राजेश जेजुसरिया,आयुष, हिमांशु, कमल, सौरभ, सुमित,आनंद श्री चंद कुमावत, मोहित और सुमित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ कमाया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

## श्रीगंगानगर में भाजपा का प्रशिक्षण महाभियान जोरों पर, दो दर्जन से अधिक मंडलों में कार्यकर्ता हो रहे प्रशिक्षित



जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(निस)।** जिले में भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाया जा रहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जारी है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी ने बताया कि जिले के दो दर्जन से अधिक मंडलों में यह अभियान संचालित हो रहा है, जो कल तक पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि बुधवार को श्रीगंगानगर देहात, बींझबायला, समेजा, पदमपुर नगर एवं देहात तथा गजसिंहपुर मंडलों में प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। देहात मंडल श्रीगंगानगर में आयोजित उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने कहा कि यह अभियान राष्ट्र निर्माण, संगठन सुदृढ़ीकरण और व्यक्तित्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और समर्पण के विचार कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने की प्रेरणा देते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐसे प्रशिक्षण अभियानों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे योजनाबद्ध तरीके से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं। कार्यक्रम में श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता, जिला मंत्री अमृतपाल कौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण सत्रों को संबोधित कर रहे हैं। इसी क्रम में बींझबायला, गजसिंहपुर, पदमपुर देहात व नगर तथा समेजा मंडलों में भी प्रदेश एवं जिला स्तर के नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभिन्न मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में मंडल अध्यक्ष, प्रभारी एवं पालक पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोदी सरकार ने गत तीन वर्षों में राजस्थान में 1019 आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को दी मंजूरी:- मदन राठौड

जयपुर टाइम्स



**जयपुर कास.)**राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश में आयुर्वेद, योग, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत देशभर में आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों का विस्तार किया जा रहा है, जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं में आयुष पद्धतियों को शामिल कर आमजन को सस्ती और प्रभावी चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के सवाल पर आयुष मंत्रालय के राज्यमंत्री प्रतापराव जाधव ने यह जानकारी सदन को दी। राठौड़ ने विशेष रूप से राजस्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों में राज्य में 1019 आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को मंजूरी दी गई है, जबकि कुल 2019 केंद्रों के संचालन की स्वीकृति दी जा चुकी है। यह राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार आयुष दवाओं के अनुसंधान और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भी ठोस कदम उठा रही है। विभिन्न अनुसंधान परिषदों के माध्यम से वैज्ञानिक अध्ययन और प्रमाणिकता पर कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुष निर्यात संवर्धन परिषद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय आयुष उत्पादों की पहुंच बढ़ाई जा रही है। राठौड़ ने बताया कि आयुष गुणवत्ता प्रमाणन योजना की शुरुआत से आयुष उत्पादों की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रभावशीलता सुनिश्चित होगी, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की साख और मजबूत होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर जोर देते हुए राठौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार राज्यों के सहयोग से आयुष सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत अपनी पारंपरिक चिकित्सा विरासत को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़कर स्वस्थ भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## रामनवमी पर शोभायात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री राम मंदिर में मंगलवार को मन्दिर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 26 मार्च को होने वाले श्रीराम सेवा समिति के तत्वाधान में रामनवमी शोभायात्रा के लिए विचार विमर्श कर कार्यकर्ताओं को अलग अलग कार्यभार ओर जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति सचिव संजीव वर्मा ने बताया शोभायात्रा श्री जाल वाले बालाजी से शुरू होकर राम मंदिर तक जाएगी और शोभायात्रा में विभिन्न झांकियां होगी शोभायात्रा पहुंचने के बाद मंदिर परिसर में हवन किया जाएगा जिसमें सभी श्रद्धालुओं की ओर से हवन में आहुति दी जाएगी। बैठक में नरोत्तम लाल कुमावत, विजेन्द्र सैनी, गोपाल केडिया, बाबू छतरी, ललित मिस्त्री, गोविंद जोशी, अनुराग वर्मा, राहुल सैनी, सुमित सैनी,
मनोज भार्गव, विद्याधर सैनी,
बनवारीलाल बालान व दीपक शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दुनिया से अलविदा हुए हरीश राणा, होनहार इंजीनियर की मौत से पूरा देश है दुखी



**जयपुर(कास.)** पिछले करीब 13 साल से जिंदगी और मौत की जंग से जूझ रहे हरीश राणा मंगलवार को दुनिया से अलविदा हो गए, पिछली 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा को इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान कर दी थी इसके बाद दिल्ली के एम्स में उपचार करवा रहे हरीश राणा के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया पिछले एक सप्ताह से हरीश राणा बिना भोजन और पानी के वेंटिलेटर पर थे उनकी और उनकी सांस भी चल रही थी राणा के माता-पिता को यह उम्मीद थी कि हो सकता है कोई कुदरत का करिश्मा हो जाए और उनका बेटा नॉर्मल हो जाए हालांकि अस्पताल में मौजूद उनकी मां यह कह रही थी कि उसके बेटे की सांसे चल रही है और वह उनसे दूर जा रहा है आखिरकार मंगलवार को हरीश राणा का निधन हो गया वर्ष 2013 में एक दर्दनाक हादसे में जब हरीश राणा गंभीर रूप से घायल हुए थे उस समय वे चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियर के अंतिम वर्ष के छात्र थे उन्हें उपचार के लिए तुरंत चंडीगढ़ अस्पताल लाया गया बाद में उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने उनके हाथ और काम पूरी तरह से निष्क्रिय होने की पुष्टि की उसके बाद से हरीश राणा कोमा में थे और उनका एम्स में ही उपचार चल रहा था हरीश के माता-पिता ने अपनी संपत्ति बैंक बैलेंस सब कुछ अपने बेटे के उपचार के लिए न्योछावर कर दिया लेकिन हासिल कुछ भी नहीं हुआ अपने बेटे के असहनीय दर्द को देखकर हरीश राणा के पिता ने हाईकोर्ट में इच्छा मृत्यु की अपील की थी जिसे हाई कोर्ट ने ठुकरा दिया था उसके बाद हरीश के माता-पिता ने सुप्रीम कोर्ट में इच्छा मृत्यु की अपील की जिस पर पिछली 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने हरीश राणा को इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान कर दी यह देश में पहला मामला था जब सुप्रीम कोर्ट ने किसी को इच्छा मृत्यु की अनुमति दी हो हरीश राणा के निधन से पूरे देश के लोग दुखी भी हैं तो अगले ही पल लोग अपने दिल को यह कहकर तसल्ली दे देते हैं कि चलो हमारे लाडले को असहनीय दर्द से मुक्ति मिली ।


### आपत्ति सूचना

मेरे पति स्व. शंकर सिहं पुत्र भँवर सिंह के नाम से एक वाहन मोटर साईकिल हिरो स्पलेण्डर प्लस नम्बर आर जे 14 जेड डी 1813 है उनके स्वर्गवास के बाद इस वाहन को मैं अपने नाम से ट्रांसफर करवाना चाहती हूँ। इस वाहन के प्रति किसी को कोई भी एतराज व आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति सात रोज में जिला परिवहन कार्यालय झुंझुनू राजस्थान मे दर्ज करवायें।

**सुप्यार कंवर पत्नी स्व. श्री शंकर सिंह राजपूत निवासी वार्ड नंबर 18 डुण्डलोद तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनू (राज.)**

### कार्यालय नगरपालिका मण्ड्ल तारानगर (चूरू) राज.

Office Telephone No. 01561-240245, E-mail- eotrn2009@gmail.com

क्रमांक :—न.पा.ता./2025-26/8042-46 दिनांक: 24.02.2026

**निविदा सूचना संख्या 2025–26/05**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत ठेकेदारो/फर्मो की जानकारी हेतु प्रसारित किया जाता है कि तारानगर नगरपालिका क्षेत्र में नगरपालिका तारानगर द्वारा स्वीकृत कार्य की निविदाऐ आंमत्रित की जाती है। नगरपालिका तारानगर द्वारा नगरपालिका, राज्य व केन्द्र सरकार के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो को कार्य हेतु पंजीकृत संवेदको से टेण्डर के माध्यम से दिनांक 25.03.2026 को निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण व शर्ते वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

| NIB CODE | UBN NO. |
|---|---|
| DLB2526B3342 | DLB2526WSOB39739 |
| | DLB2526WSOB39740 |
| | DLB2526WSOB39741 |
| | DLB2526WSOB39742 |

राज.संवाद/सी/25/23188

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तारानगर